शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 155 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 29 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नीट पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने किया हंगामा

### कांग्रेस अध्यक्ष वेल में पहुंचे; सभापति धनखड़ बोले- यह संसदीय इतिहास पर काला धब्बा

**नई दिल्ली**

संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार (28 जून) को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। हालांकि राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया। दरअसल, विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता। जबकि राज्य सभा में 22 सांसदों के नोटिस को सभापति ने खारिज कर दिया। 24 जून से शुरू हुआ संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। राज्य सभा में पीएम मोदी 3 जुलाई को चर्चा का जवाब दे सकते हैं।



**राज्यसभा : खड़गे वेल में पहुंचे तो भड़क गए सभापति धनखड़**

नीट मामले पर चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खड़गे सभापति की आसंदी के पास पहुंच गए, जिस पर धनखड़ भड़क गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी।

खड़गे सदन से बाहर आकर बोले कि यह चेयरमैन की गलती है। मैं उनका ध्यान खींचने के लिए अंदर गया था। लेकिन, तब भी वे नहीं देख रहे थे। वे केवल सत्ता पक्ष को देख रहे थे। नियमानुसार उन्हें मेरी तरफ देखना चाहिए, लेकिन उन्होंने जानबूझकर मुझे अनदेखा करके मेरा अपमान किया। तो मेरे लिए क्या बचा था? मुझे या तो अंदर जाना होगा या बहुत जोर से चिल्लाना होगा।

प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। उन्हें संसद से आरएमएल हॉस्पिटल ले जाया गया। सदन में कार्यवाही जारी रही, लेकिन विपक्षी सांसद हॉस्पिटल चले गए। सेहत में सुधार होने पर फूलो को डिस्चार्ज कर दिया गया।

सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- नीट पर सरकार संवेदनशील और पूरी तरह से सतर्क है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि एक भी बच्चे के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, लेकिन जब ये विषय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, विपक्ष क्या न्यायालय के विजडम से ऊपर समझते हैं। जब एनटीए चीफ को हटा दिया गया, जांच जारी है, मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है तो इस तरह का माहौल बनाने का क्या मतलब है। पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि जांच पूरी होने तक आप संसद में नीट मुद्दे पर बहस नहीं कर सकते... सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया है, जांच जारी है और जब तक यह पूरी नहीं हो जाती, मानव संसाधन विकास मंत्रालय कोई निर्णय नहीं ले सकता। मैं सभी से अनावश्यक हंगामा न करने की अपील करता हूं।"

**राज्यसभा में सुधांशु बोले- जब भी वे (कांग्रेस) सत्ता में आए संविधान खतरे में था:** राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- बात सिर्फ आपातकाल की नहीं है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जब भी वे सत्ता में आए, संविधान खतरे में था।

जब राजीव गांधी सत्ता में आए, तो सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला दिया और वो फैसला शरिया के खिलाफ लग रहा था, तब इस देश की संसद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रोक दिया और शरिया को संविधान से ऊपर रख दिया था"

### राहुल गांधी का माइक बंद किया गया: कांग्रेस

लोकसभा की कार्यवाही की शुरूआत तो हुई, लेकिन महज 15 मिनट बाद ही इसे 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी से ठएएळ पर चर्चा में शामिल होने की अपील की। लेकिन हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही रोकनी पड़ी। राहुल जब बोलने लगे तो उनकी आवाज नहीं आई, इस पर विपक्ष ने स्पीकर पर माइक बंद करने का आरोप लगाया। इस पर ओम बिरला ने कहा कि उनके पास माइक का बटन नहीं होता है।

सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष फिर नारेबाजी करने लगा, जिससे कार्यवाही 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई।

## सांसद ओवैसी के घर पर काली स्याही फेंकी गई




**नई दिल्ली**

हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी के दिल्ली स्थित घर पर काली स्याही फेंकी गई है। उन्होंने गुरुवार को इसका वीडियो शेयर कर कहा कि सांसद का बंगला भी सुरक्षित नहीं है। ओवैसी ने कहा कि मेरे घर को निशाना बनाने वाले दो कौड़ी के गुंडों से मैं नहीं डरता। अगर हिम्मत है तो मेरा सामना करें। स्याही फेंकने या पत्थरबाजी के बाद भागे नहीं। सावरकर जैसी कायरता करना बंद करें। उन्होंने कहा कि अब मैं गिनती ही भूल गया हूं कि मेरे दिल्ली स्थित घर को कितनी बार निशाना बनाया गया है। जब मैंने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से पूछा कि उनकी नाक के नीचे यह सब कैसे हो रहा है, तो उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर की। ओवैसी ने गृह मंत्री अमित शाह को टैग करते हुए पूछा कि यह सब आपकी निगरानी में हो रहा है। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि कृपया हमें बताएं कि सांसदों की सुरक्षा की गारंटी होगी या नहीं।

**ओवैसी के घर पर फरवरी 2023 में भी पथराव हुआ था**

फरवरी 2023 में ओवैसी के घर पर पथराव हुआ था, तब वे जयपुर में थे। 36 अशोका रोड पर बने इस घर में काम करने वाले लोगों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद ओवैसी ने संसद मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उपद्रवियों ने उनके घर पर पत्थर फेंके और खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। शिकायत के तुरंत बाद दिल्ली पुलिस की टीम ओवैसी के 36 अशोका रोड वाले घर पर जांच के लिए पहुंची थी।

शिकायत के तुरंत बाद दिल्ली पुलिस की टीम ओवैसी के 36 अशोका रोड वाले घर पर जांच के लिए पहुंची थी।

विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान 3 फरवरी को हापुड़ में टोल प्लाजा के पास ओवैसी पर गोलियां चली थीं। ओवैसी मेरठ के किठौर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार करने के बाद दिल्ली के लिए लौट रहे थे। हमलावर सचिन शर्मा और शुभम गुर्जर ने चार राउंड फायरिंग की थी। दो बुलेट लगने से ओवैसी की कार के निचले हिस्से में छेद हो गया था। ओवैसी बाल-बाल बच गए थे। संसद में 25 जून को शपथ के दौरान ओवैसी ने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया था। ओवैसी ने शपथ के बाद "जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन, तकबीर अल्ला-हु-अकबर" कहा। फिर प्रोटेम स्पीकर से हाथ मिलाने पहुंचे। एनडीए के सांसदों ने इसे नियमों के खिलाफ बताया। ओवैसी ने अपने हैंडल पर पोस्ट किया, 'पांचवीं बार लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली, इंशाअल्लाह, मैं भारत के हाशिए पर पड़े लोगों के मुद्दों को ईमानदारी से उठाता रहूंगा।' शपथ के बाद संसद परिसर में मीडिया के सवालों पर ओवैसी ने कहा, 'अन्य सदस्य भी अलग-अलग बातें कह रहे हैं, मैंने जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन कहा। यह कैसे गलत है? मुझे संविधान का प्रावधान बताएं? आपको दूसरों की बातें भी सुननी चाहिए। मैंने वही कहा जो मुझे कहना था।

## राजेंद्र ने नार्थ अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी देनाली को किया फतह

**देहरादून**



उत्तराखंड एसडीआरएफ के मुख्य आरक्षी राजेंद्र सिंह नाथ ने नार्थ अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट देनाली (6190 मीटर) जो अलास्का प्रदेश में स्थित है, को सफलतापूर्वक आरोहण कर देश के साथ उत्तराखंड पुलिस एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है और कीर्तिमान रचा है।

पुलिस महानिरीक्षक (एसडीआरएफ) रिधिम अग्रवाल ने नॉर्थ अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी देनाली को फतह करने पर मुख्य आरक्षी राजेंद्र नाथ को उनके साहस एवं समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पर्वतारोहण एक साहसिक गतिविधि है। इसमें साहस, दृढ़ता और धीरज की हर कदम पर परीक्षा होती है। हिमालय के उच्च तुंगता क्षेत्र में एसडीआरएफ की ओर से किए जाने वाले रेस्क्यू अभियानों में दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों के पर्वतारोहण का यह अनुभव काफी मददगार साबित होगा। माउंट देनाली पर सफलतापूर्वक आरोहण करने के लिए सेनानायक एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा ने राजेंद्र को शुभकामनाएं दी और कहा कि राजेंद्र नाथ एसडीआरएफ के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

राजेंद्र नाथ माउंट देनाली के आरोहण के लिए गत 10 जून को एसडीआरएफ वाहिनी जॉलीग्रांट से निकले थे। 13 जून को दिल्ली से हवाई यात्रा शुरू करने के उपरांत राजेंद्र फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) होते हुए अमेरिका के अलास्का स्टेट में लास्ट रोड हेड टॉकीटना पहुंचे। विश्राम के बाद वहां से इन्होंने पैदल यात्रा आरंभ की। राजेंद्र नाथ ने बताया कि कई दिन पैदल यात्रा के उपरांत 23 जून को सुबह 11 बजे हम लोग समिट कैंप से माउंट देनाली को फतह करने के लिए निकले। माइनस 25-30 डिग्री तापमान के बीच बर्फीली हवाओं एवं अन्य बाधाओं को पार करते हुए 12 घंटे लगातार ग्लेशियर पर चढ़ाई करने के बाद रात 11 बजे (भारतीय समयानुसार 24 जून, दिन के 12:30 बजे) इन्होंने इस चोटी पर सफलतापूर्वक आरोहण कर लिया

**राजेंद्र बोले- सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है लक्ष्य**

राजेंद्र नाथ अब तक यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी एलब्रुश, अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी क्लिमन्जारो, साउथ अमेरिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी अंकोकागुआ एवं नॉर्थ अमेरिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी देनाली को फतह कर भारत एवं उत्तराखंड पुलिस का झंडा फहरा चुके हैं। उनका लक्ष्य विश्व के सभी सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगे के साथ उत्तराखंड राज्य एवं पुलिस का झंडा फहराकर नाम रोशन करना है।

## अमरनाथ के लिए 4603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

**जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले 4603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को शुक्रवार (28 जून) सुबह हरी झंडी दिखाई। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास बेस कैंप से तीर्थयात्रियों को 231 वाहनों में उपद्धक्र की थ्री लेयर सिक्योरिटी के बीच रवाना किया। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है जो 19 अगस्त (52 दिनों) तक चलेगी। सिन्हा ने तीर्थयात्रियों को सुरक्षा के लिए कामना भी की। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए। तीर्थयात्रियों का यह पहला जत्था जम्मू से कश्मीर के दो बेस कैंप उत्तरी कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के लिए रवाना हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि आज से 19 अगस्त तक अलग-अलग रास्तों पर ट्रैफिक पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए हर रोज एडवाइजरी जारी की जाएगी। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।



वहीं, अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की 26 जून से शुरूआत हो चुकी है। जम्मू के रउद्ध ने बताया कि सरस्वती धाम सेंटर से ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। यात्रा की शुरूआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं।

**इन जगहों पर लगे 10 हाई एंड सीसीटीवी कैमरे**

एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे रोहित बसकोत्रा के मुताबिक ट्रैफिक पर निगरानी के लिए उधमपुर से बनिहाल तक 10 हाई-एंड कैमरे लगाए हैं। इनमें उधमपुर के जाखनी क्षेत्र, दलवास, खोनी नाला, मेहर, बैटरी चश्मा, नचलाना, बनिहाल चौक, सुरंग-5, शालीगढ़ी और कटपॉइंट जैसे स्पॉट शामिल हैं। यातायात पुलिस ने अमरनाथ यात्रा के दौरान नेशनल हाईवे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक सलाह भी जारी की है, जिसमें लेन ड्राइविंग पर जोर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने पर बड़ा जुमार्ना लगाया जाएगा।

**38 स्पेशली ट्रेंड रेस्क्यू टीमों की तैनाती, मेडिकल सर्विस में बढ़ोतरी**

जम्मू में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ के चलते यात्रा रूट्स पर सुरक्षा कड़ी सुरक्षा की गई है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए दोनों रूट के हाई सिक्योरिटी पॉइंट्स पर पुलिस की 13, रउक्र की 11, आठ, बीएसएफ की चार और सीआरपीएफ की दो टीमों की तैनाती है। वहीं, श्राइन बोर्ड ने पहली बार मेडिकल व्यवस्थाएं बढ़ाई हैं। बालटाल और चंदनबाड़ी में 100-100 क्ठव बेड, एडवांस उपकरण, एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन, क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट, कार्डियक मॉनिटर, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल तैयार किए हैं। यहां हवा में ऑक्सीजन कम रहती है, इसलिए यात्रा मार्ग पर 100 स्थाई ऑक्सीजन बूथ और मोबाइल ऑक्सीजन बूथ रहेंगे।

## मानसून की पहली बारिश में दिल्ली पानी-पानी

**नई दिल्ली**

राजधानी में शुक्रवार को सुबह मानसून की पहली बारिश ने ही दिल्ली सरकार और अन्य एजेंसियों की पोल खोल कर रख दी। 40 से 50 किमी प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवा के साथ मानसून की पहली तेज बारिश ने दिल्ली को पानी पानी कर दिया।



बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन जगह जगह जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। सुबह दफ्तर जाने वाले लोग घंटों जाम में फंसे रहे। दिल्ली की प्रमुख सड़कें पानी से लबालब थीं। सुबह से ही आईटीओ समेत दिल्ली में कई जगहों पर जाम लगा रहा। हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बरसात में ही मिंटो ब्रिज पर पहले जैसे ही खौफनाक नजारा दिखा। वहां एक ट्रक फंस गया। कमोबेश यही नजारा द्वारका, कापसहेड़ा, प्रगति मैदान और अन्य कई अंडरपास में देखने को मिला।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार आज पहली बरसात में ही सफदरजंग में 228 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। आम लोगों के साथ खास लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर और सपा सांसद रामगोपाल गोपाल के घरों में पानी भर गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी के घर में भी पानी घुस गया। बारिश के पानी से स्कूल, कालेज यहां तक कि एम्स के अस्पताल के आसपास पानी भर गया। यमुना पार गुरुतेग बहादुर अस्पताल (शाहदरा) के ब्लड बैंक में भी पानी भर गया। दिल्ली विश्वविद्यालय की कुछ कक्षों के छतों से पानी झरने की तरह बहता नजर आया। यानि दिल्ली सरकार, एनडीएमसी, दिल्ली नगर निगम के सारे दावे पहली बरसात ने धो कर रख दिए।

## बजट : महाराष्ट्र में महिलाओं को हर महीने 1500 कैश

**मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से 4 महीने पहले शुक्रवार 28 जून को एनडीए की एकनाथ शिंदे सरकार ने अपना आखिरी बजट पेश किया। डिप्टी सीएम अजित पवार ने बजट में महिलाओं और किसानों के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया है। इसमें किसानों का बिजली बिल माफ, खेती के लिए 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस की घोषणा की गई है। गरीब परिवारों को हर साल 3 गैस सिलेंडर मुफ्त और 21 से 60 साल की उम्र की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए कैश देने की योजना शामिल है। राज्य सरकार ने आम लोगों को राहत देते हुए वैट में 3% कटौती (24 से 21%) की घोषणा की है। इससे पेट्रोल में 65 पैसे और डीजल की कीमतों पर 2 रुपए की कमी होगी। हालांकि, इसका फायदा सिर्फ मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे के लोगों को ही होगा। राज्य में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राज्य में बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी की गठबंधन सरकार है।



इसका कार्यकाल 8 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। अक्टूबर 2024 में चुनाव होने की संभावना है।

**किसानों के लिए योजनाएं...**

राज्य के सभी किसानों को कपास और सोयाबीन की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 5000 रुपए का बोनस दिया जाएगा।

दुग्ध किसानों को 1 जुलाई 2024 के बाद भी पांच रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा।

जानवरों के हमले में मारे गए किसानों के परिजन को 20 लाख रुपए की जगह 25 लाख रुपए की मदद की जाएगी।

राज्य के 44 लाख किसानों को बिजली का बिजली का बकाया बिल माफ किया जाएगा।

प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को हुए नुकसान के लिए जुलाई, 2022 से 15 हजार 245 करोड़ 76 लाख रुपए की मदद।

नवंबर-दिसंबर, 2023 में बेमौसम बारिश से प्रभावित 24 लाख 47 हजार किसानों को 2 हजार 253 करोड़ रुपए की मदद।

**महिलाओं-परिवारों के लिए योजनाएं...**

सीएम अन्न छत्र योजना के तहत सभी परिवारों को साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। 52 लाख 16 हजार 412 परिवार इस योजना के लाभार्थी होंगे।

मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना स्कीम की तर्ज पर मुख्यमंत्री माझी लाड़की बहन योजना का ऐलान। इसके तहत 21 से 60 साल की सभी महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। यह स्कीम जुलाई 2024 से लागू होगी। इसके लिए हर साल लगभग 46 हजार करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया जाएगा।

17 शहरों में 10 हजार महिलाओं को पिंक ई-रिक्शा खरीदने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए 80 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया गया है।

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से इंजीनियरिंग, वास्तुकला, फामेर्सी, चिकित्सा और कृषि सहित सभी व्यावसायिक डिग्री-डिप्लोमा कोर्सेस के लिए डइउ और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की लड़कियों को एजुकेशन फीस और एग्जाम फीस में 100% सब्सिडी मिलेगी। यह योजना उन लड़कियों के लिए हैं, जिनके परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए तक है।

'आई योजना' के तहत पर्यटन क्षेत्र की महिला लघु उद्यमियों को 15 लाख रुपए तक का ऋण ब्याज चुकाने की सुविधा दी जाएगी। इससे 10 हजार नौकरियां पैदा होंगी।

**वारकरी समुदाय के लिए...**

पंढरपुर की वारी (यात्रा) को विश्व धरोहर नामांकित करने के लिए यूनेस्को को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

पंढरपुर की वारी में जाने वाले मुख्य पालकी की प्रत्येक डिंडी को 20 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## प्रदेश में 'यस-टेक प्रक्रिया' को लागू कर किसानों तक बीमा का लाभ पहुंचाएगी योगी सरकार

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के किसानों की फसलों की सुरक्षा को लेकर एक नया कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब प्रदेश में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इस प्रक्रिया के साथ ही रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग व रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए कृषि विभाग ने प्रदेश में यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



**75 जिलों में प्रक्रिया को लागू करने की तैयारी:** कृषि विभाग ने प्रदेश के 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरूआत की है। यस-टेक प्रक्रिया के जरिए आरडब्ल्यूबीसीआईएस को लागू करने में मुख्यतः गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल फोकस किया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इन आंकड़ों को यस टेक मैनुअल-2023 के आधार पर संकलित किया जाएगा। मॉड्यूल के विकास के बाद अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 5 सीजन के एसेसमेंट पीरियड के हिसाब से रिपोर्ट को तैयार किया जाएगा जिसमें मिड सीजन रिपोर्ट (एमएसआर) व एंड सीजन रिपोर्ट (ईएसआर) का भी संकलन किया जाएगा। इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए टीआईपी द्वारा मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉड्यूल को कार्य में लाया जाएगा।

**ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों की बीमा प्रक्रिया को मिलेगा बल:** प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ सभी किसानों को मिले इस उद्देश्य से सीएम योगी की मंशा अनुरूप क्रियान्वित की गई योजना के अनुसार सभी जिलों में फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर बीमित करने और किसानों को बीमा कवर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

# इफको के आन साइट इमरजेंसी प्लान की समीक्षा बैठक में इकाई प्रमुख ने बताई पूर्वाभ्यास की विशेषता

## किसी भी संभावित दुर्घटना से बचने के लिए अधिकारियों को दिए जरूरी टिप्स

अखंड भारत संदेश





इफको में आन साइट इमरजेंसी प्लान के समय बचाव कार्य में लगी टीम व समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जरूरी टिप्स देते ईकाई प्रमुख संजय कुदेशिया

**फूलपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति शुक्रवार को भी इफको ने सुरक्षा विधियों को अपनाते हुए सुरक्षित रहने के लिए आनसाइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) किया। इस दौरान गेल टर्मिनल से इफको फूलपुर कॉम्प्लेक्स तक मुख्य हेडर पर स्थापित पीएसवी के आइसोलेशन वाल्व के डी/एस फ्लैंज से आग और प्राकृतिक गैस के भारी रिसाव जैसी स्थिति पैदा की गई। रिसाव की शुरूआत होते ही अग्निशमन दल ने प्राकृतिक गैस को नियंत्रित करने का त्रीव प्रयास किया। वहीं गैस की जद में आए घायलों को बचाव दल ने सक्रियता दिखाते हुए अस्पताल पहुचाया। घटना के मूल कारणों को जानने एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करने के लिए स्थानीय प्रशासन व इफको प्रबंधन के साथ ही समस्त विभागाध्यक्षों ने बैठक की। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि किसी भी आपदा में हमें सबसे पहले तकनीकी तौर पर विश्लेषण करना चाहिए की हमें दुर्घटना से कैसे निपटना है। इस तरह के मॉक ड्रिल से दुर्घटना के समय हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। पूर्वाभ्यास की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा की इस तरह के माकड्रिल से हमें हर वक्त आपातकालीन दुर्घटनाओं से निपटने एवं सजग रहने की आदत बनी रहती है । इस दौरान अग्निशमन विभाग (इफको), गेल(इफको), स्थानीय प्रशासन, अग्निशमन विभाग उत्तर प्रदेश, सुरक्षा विभाग की टीमों ने पूर्वाभ्यास में सहयोग किया। पूर्वाभ्यास में सिविल डिफेन्स के कन्ट्रोलर नरेन्द्र शर्मा व राकेश कुमार तिवारी,महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः डॉ अनिता मिश्रा, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार,अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, ए.के.गुप्ता, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा संजीव कुमार, प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा ए.के.यादव, विकास कुमार, मनोज पटेल एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विषैले सांप के डसने से युवती की मौत

**मांडा।** क्षेत्र में आचार का डिब्बा निकलने गई युवती को एक विषैले सांप के डसने से युवती की मौत हो गई। परिजनों ने किसी तरह युवती को झाड़ फूंक के लिए ले गए लेकिन लगातार युवती की तबीयत बिगड़ने के कारण स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने प्रयागराज स्थित अमृत कलश हॉस्पिटल में ले गए जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बता दे की मांडा खास का निवासी दिनेश कुमार मौर्य की 20 वर्ष से लड़की अनिता कुमारी गुरुवार को दोपहर खाना खाने के दौरान घर में रखा अचार का डिब्बा निकालने चली गई इसी दौरान डिब्बे के समीप बैठा विषैला सांप ने युवती को डस लिया आनन फानन में परिजनों ने तुरंत झाड़ फूंक करवाने के लिए मांडा क्षेत्र के सिकरा ले गए जहां हालत में सुधार न होने पर परिजनों ने प्रयागराज स्थित अमृत कलश अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक की खबर सुनकर परिजन तथा आसपास के लोगों में कोहराम मच गया मृतक के दो भाई अनिल कुमार सुनील कुमार मांडा स्थित कामाख्या इडेन गैस एजेंसी में प्राइवेट नौकरी करता है।

## प्रकाश राव जाधव एवं डा श्रीकांत सिंधे के तीसरी बार जीत पर मेजा की रुचि तिवारी ने दिया बधाई



**मेजा।** उप्र शिवसेना की प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री आयुष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण माननीय प्रकाश राव जाधव से स्नेहिल भेंट कर मेजा की श्रीमती रुचि ने उन्हे तीसरी बार जीत की बधाई देकर उनके साथ संगठनात्मक बैठक की। इस दौरान उप्र संगठन की तरफ से उप्र आगमन हेतु आमंत्रित भी किया गया । इसके साथ ही शिवसेना की युवासेना के राष्ट्रीय प्रमुख, युवाओ की शान माननीय एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के सुपुत्र डा श्रीकांत शिंदे का भी तीसरी बार सांसद बनने पर स्वागत सम्मान किया गया। डा श्रीकांत शिंदे द्वारा संगठन के विस्तार संबधी आगामी तैयारियो पर गंभीरतापूर्वक आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश भी दिये गये । मेजा तहसील के जेवनिया गांव निवासी समाजसेवी एवं संगठन की प्रदेश सचिव रूचि तिवारी द्वारा आगामी प्रयागराज महाकुंभ पर शिवसेना के शिविर के लिए प्रस्ताव रखा गया जिस पर सहमति भी दी गयी । प्रदेश संगठन की तरफ से प्रदेश प्रमुख अभय , संगठन मंत्री अरविन्द , प्रदेश महासचिव लल्लन , सहसंगठन मंत्री प्रमोद , प्रदेश सचिव रुचि तिवारी एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी साथ रहे। 2024 तक उप्र के सभी जिलो और तहसील में संगठन विस्तार का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश संगठन द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया कि आगामी चुनावो में अब पार्टी मजबूती से चुनाव लडेगी। माननीय एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री को महाकुंभ के शुभारंभ के लिए भी प्रदेश संगठन द्वारा आमंत्रित किया गया है।

# सीएमओ साहब आखिर कब होगी मां शीतला अस्पताल के संचालक पर कार्रवाई!

**आपके आदेश दिनांक एक जून का पालन कराने के बजाय जांच के लिए गठित टीम अस्पताल संचालक से सांठ गांठ कर हो गई है मेहरबान आदेश बना हवाहवाई**




**मेजा।** सीएमओ साहब मां शीतला अस्पताल में प्रसव पीड़िता की मौत मामले में जांच के लिए जारी आपके आदेश दिनांक एक जून जिसमें आप द्वारा डाक्टरों की जांच कमेटी गठित हुई है आपके आदेशों को ही ताक पर रख टीम के चिकित्सकों ने संचालक मेहरबान होकर सांठ गांठ कर लिया है और पीड़िता की शिकायत को विभाग ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

उल्लेखनीय है कि रामनगर (चिरैया मोड़) बाजार स्थित शीतला हॉस्पिटल में बीते महीने आपरेशन से प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई थी। जिसमें महिला के पति ने इलाज में लापरवाही व गलत इंजेक्शन देने से मौत का आरोप लगाया था। मामले की सीएमओ प्रयागराज से शिकायत की गई थी। बावजूद इसके अब तक अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि 21 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच कर अस्पताल बंद करने का आदेश दिया था और एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था। जांच के दौरान एक हफ्ते बीत गए फिर भी अस्पताल के ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। जांच टीम के बाद हॉस्पिटल फिर से पूर्व की भांति संचालित होने लगी है। इस हॉस्पिटल संचालक के ऊपर विभागीय कार्रवाई का कोई डर नहीं है। कहीं इस लुका छुपी के खेल में विभागीय अधिकारियों की मिली भगत या साजिश तो नहीं है। लेकिन उनको नोटिस देकर उन्हें बाद में सीएमओ ऑफिस में आकर मिलने को कहा जाता है। तत्पश्चात हॉस्पिटल पुनः संचालित होने लगता है। अस्पताल संचालकों पर विभाग के द्वारा ऐसे कृत्य से मीडिया का डिप्टी सीएमओ तीरथ लाल,नोडल अधिकारी अमृत लाल के ऊपर प्रश्नवाचक चिन्ह लग गया है। अब देखना है की मामले में सीएमओ साहब स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करते हैं या अस्पताल संचालक के ऊपर वे भी मेहरबान होते हैं।

## रविवार से अवंतिका कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**नैनी।** नैनी अवंतिका कॉलोनी स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस में 30 जून रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो रहा है । यह कथा 7 जुलाई तक चलेगी। प्रातः कालीन सत्र में सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रीमद् भागवत पुराण का संस्कृत में पारायण होगा। सायं काल 4:30 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा एवं प्रवचन होगा। कथा व्यास भारत सरकार द्वारा सम्मानित हिंदी के प्रकांड विद्वान एवं श्रीमद् भागवत कथा मर्मज्ञ पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल भगवान की लीलाओं का गायन कर प्रयाग वासियों को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। कथा स्थल पर 04 वेद, 18 पुराण, 06 शास्त्र, श्रीमद् भगवत गीता, बाल्मीकि रामायण, श्री रामचरितमानस के दर्शन पूजन का अद्भुत अवसर प्रयाग वासियों को मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी होंगे। प्रयाग वासियों से निवेदन है कि इस कार्यक्रम में पधार कर भगवत रस का रसास्वादन करें। उक्त जानकारी कथा के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने दी।

## एमटीएस व हवलदार पद के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

### एसएससी ने 8326 पदों पर भर्ती के लिए जारी किया नोटिफिकेशन

**प्रयागराज।** केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में एमटीएस(मल्टी टास्किंग स्टॉफ) और हवलदार के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। ररउ (कर्मचारी चयन आयोग) की वेबसाइट पर इसका विज्ञापन जारी कर दिया गया है। कुल 8,326 पदों पर भर्ती होनी है।ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 31 जुलाई तक इसमें आवेदन कर सकते हैं। एक अगस्त तक फीस जमा होगी। आवेदन में कोई त्रुटि होने पर 16 और 17 अगस्त को संशोधन किया जा सकता हैं। इसकी ऑनलाइन परीक्षा अक्टूबर और नवंबर में हो सकती है।

**10वीं पास अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन :** केंद्र सरकार के विभागों में चतुर्थ श्रेणी का पदनाम खत्म कर दिया गया है। उसकी जगह अब एमटीएस की भर्ती होती है। इसके लिए 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की उम्र 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए। चयन के लिए अभ्यर्थियों को एक ही परीक्षा देनी होगी। वहीं, हवलदार के 3,439 पद हैं। यह पे लेवल- 1 और ग्रुप-उ का पद है। इन पदों के लिए आयु 18 से 27 वर्ष होनी चाहिए। इसकी परीक्षा एमटीएस के साथ ही होगी लेकिन इनका फिजिकल और मेडिकल होगा। उसमें सफल होने के बाद एमटीएस के साथ अंतिम चयन परिणाम जारी किया जाएगा।

**आवेदन के लिए वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य :** हवलदार के पद पर चयनितों को सेंट्रल बोर्ड आफ इनडायरेक्ट टैक्स एंड कस्टम और सेंट्रल ब्यूरो आफ नारकोटिक्स में तैनाती मिलेगी। इस पद के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये जमा करना होगा। एमटीएस और हलवदार की परीक्षा एक साथ होगी। इसक प्रश्न पत्र डेढ़ घंटे का होगा। प्रश्न पत्र 45-45 मिनट के दो खंड में होगा। पहले खंड में 20- 20 प्रश्न गणित और रीजनिंग के होंगे। दूसरे खंड में 25-25 प्रश्न सामान्य जागरूकता और अंग्रेजी के होंगे। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का होगा। इसमें सफल होने वाले एमटीएस के अभ्यर्थियों का चयन हो जाएगा। जबकि हलवदार का विकल्प देने वालों का फिजिकल और मेडिकल होगा।

## न्यूज झरोखा

### पीस कमेटी की बैठक में छाई रही बिजली, पानी और सड़क की समस्या, शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं मोहर्रम का त्योहार



**शंकरगढ़।** मोहर्रम, सावन माह समेत आगामी त्योहारों के मद्देनजर शुक्रवार की शाम शंकरगढ़ थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्र के धर्मगुरुओं, प्रधान, व्यापारियों के साथ आयोजित बैठक में लोगों की समस्याएं भी सुनी गईं। मोहर्रम के मद्देनजर ताजियादारों ने साफ-सफाई, बिजली, पानी, गड्ढायुक्त रास्तों और जर्जर बिजली के तारों की शिकायत की गई। इस पर एसीपी बारा संतलाल सरोज ने सभी समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। कहाकि सभी समस्याओं को संबंधित विभागों के समन्वय से शीघ्र दूर कराया जाएगा। प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा, मोहर्रम का जुलूस परंपरागत रास्ते से ही निकालें। जुलूस के दौरान शांति बनाए रखें। जहां पर स्थल व रास्ते के विवाद की स्थिति हो, उससे अवगत कराएं। कानून व्यवस्था को हाथ में लेने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में विभिन्न कमेटियों के ताजियादार समेत यूनुस खान, चिराग अली, कमालू, छन्ने, राजू,व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद केसरवानी,पंकज गुप्ता,नितेश केसरवानी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में वित्तविहीन विद्यालयों के छात्रों को वंचित करना अन्याय : लाल बिहारी




**करछना।** उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन गुट की प्रदेश कार्य समिति की बैठक लाल बिहारी यादव प्रदेश अध्यक्ष/शिक्षक विधायक की अध्यक्षता में दारुल सफा स्थित ए-ब्लाक कॉमन हाल में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में वित्तविहीन विद्यालयों के छात्रों को शामिल न करना तथा राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के छात्रों के शामिल करना अदूरदर्शिता का परिचायक है। उन्होने कहा कि सरकार इन बच्चो के साथ खिलवाड़ न करे। बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत नौ और ग्यारह के छात्रों से प्राप्त शुल्क से दस रुपया प्रति छात्र सरकार द्वारा प्रधानाचार्यों को वापस किया जाये। शिक्षा के अधिकार में आच्छादित पच्चीस प्रतिशत छतिपूर्ति वापस की जाये। मान्यता की परिवर्तित धारा को सोलह च-छ सेवा नियमवाली में आच्छादित कर कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों को सम्मान जनक मानदेय दिया जाये। सर्वसम्मत से यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त जिलाध्यक्ष सदस्यता तथा नई कार्यकारिणी का गठन कर कार्यकारिणी को सक्रिय बनाये। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं पदाधिकारी तथा मंडल एवं जिलों से आये हुए भारी संख्या में प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन महामंत्री राम बदन यादव ने किया। उक्त आशय की जानकारी बैठक से लौटे हुए जिलाध्यक्ष प्रयागराज ननकेश बाबू एवं मंडल अध्यक्ष अभय राज सिंह ने दी।

### बारिश को देखते हुए गांवों में चलाया जा रहा सफाई अभियान, पहली ही बारिश में हो गया था गांवों में जल जमाव



**फूलपुर।** बरसात के समय में ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर गंदगी व जल जमाव ने हो इसके लिए फूलपुर विकास खण्ड के गांवों में व्यापक स्तर पर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जहां सफाई कर्मचारी रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन गांव के सार्वजनिक स्थलों के साथ ही सड़क व नाली की विधिवत साफ सफाई करने में जुटे हैं। फूलपुर विकास खण्ड के 67 गांवों में करीब डेढ़ सौ से अधिक सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं जिनका काम गांव के सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई करना है। परन्तु ग्रामीणों द्वारा गांव में नालियों की साफ सफाई न होने के कारण पहली ही बारिश में जल जमाव होने की शिकायत की गई। जिस पर सहायक विकास अधिकारी (पं) अनिल मौर्य ने सफाई कर्मचारियों को प्रतिदिन विद्यालय की साफ सफाई करने के साथ ही गांव में कीचड़ से भरी नालियों को साफ करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने बताया की बरसात के समय में ग्रामीणों को समस्या न हो इसके लिए गांवों में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाते हुए नाली, पुलिया व सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई जा रही है ताकि बरसात में जल जमाव की स्थिति न पैदा हो। साथ ही जिस सफाई कर्मचारी के खिलाफ लापरवाही की शिकायत मिलेगी उसके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी एच पी वर्मा ने कहा की सफाई कर्मचारी शिकायत का इंतजार न कर नियमित रूप से गांव की साफ-सफाई करें। जिससे गंदगी, जलजमाव व जीवाणु जनित रोगों से बचा जा सके।

## जिंदा है अतीक अहमद का खौफ, मांगी गई रंगदारी

**प्रयागराज।** अतीक अहमद की हत्या को एक साल हो चुके हैं। लेकिन, उसका खौफ अभी भी जिंदा है। प्रयागराज में माफिया की गैंग से जुड़े लोग आज भी रंगदारी मांग रहे हैं। ताजा मामला अतीक-अशरफ के वकील रहे खान सौलत हनीफ के गुर्गों से जुड़ा है।हनीफ के गुर्गों ने लाखों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। आरोप है कि इन्होंने पीड़ित से 15 लाख रुपए मांगे। इसके साथ ही धमकी दी- अगर समय पर पैसे नहीं दिए, तो जान से मार डालेंगे। मामले में धूमनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**पीड़ित ने कहा- घर से नहीं निकल रहे :** पीड़ित कसारी मसारी का रहने वाला मो. कयूम के बेटे मो. नईम है। उसने धूमनगंज थाने में तहरीर देते हुए कहा- मेंहदी हसन, अब्बादी, मो. हस्सान, शाहिद और अब्बादी के भाई लगातार मुझे धमकी दे रहे हैं। ये लोग रंगदारी मांग रहे हैं।उसने आरोप लगाते हुए कहा- ये सभी लोग माफिया अतीक अहमद के वकील रहे सौलत हनीफ के करीबी हैं। इन लोगों ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही मारपीट की है।

**मेरी जमीन पर करा दी गई प्लाटिंग :** नईम ने तहरीर में लिखा- कसारी मसारी में मेरी जमीन है। इन लोगों ने बाउंड्री गिराकर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की कोशिश की। धमकी दी कि यह सारी जमीन सौलत हनीफ ने प्लाटिंग कराई है। जमीन पर कब्जा चाहते हो तो 15 लाख रुपए रंगदारी दो वरना मार देंगे। कहा कि मामले में पैरवी की तो जान से चले हाथ धो बैठेगो। धूमनगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि अतीक का वकील सौलत हनीफ भी इन दिनों नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। अपहरण के मामले में उसे उम्र कैद की सजा हुई है। पुलिस का कहना है कि नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## घर के बाहर खड़ी पिकअप चोरो ने उड़ाई

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में कुछ दिनों से बाइक चोरी की घटना बढ़ गई है। आये दिन बाइक चोरी के मामले प्रकाश में आ रहे थे। गुरुवार की रात तो चोरों ने घर के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी उड़ा दी। वाहन स्वामी ने गाड़ी चोरी होने की लिखित शिकायत पुलिस से की है। सरायइनायत थाना क्षेत्र के उमरी पट्टी छीट गांव निवासी मुकेश कुमार गुप्ता ने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए महिंद्रा पिकअप गाड़ी ली थी। गाड़ी को मलावा बुजुर्ग निवासी महेंद्र गुप्ता चलता था और अपने घर पर ही रखता था। गुरुवार की रात वह घर के बाहर गाड़ी खड़ी किया था। शुक्रवार की सुबह उठा तो गाड़ी घर के बाहर से गायब थी उसने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ की अभी तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है वहीं हफ्ते भर के भीतर झूंसी थाना क्षेत्र से कई बाइक चोरी हो चुकी है।

# लायन डॉ रमेश चंद्रा को मिला उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**पीड़ित मानवता की सेवा ही लायंस का धर्म डॉ रमेश चंद्रा**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** विलास होटल सिविल लाइंस में आयोजित लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 321 के अवार्ड समारोह 2023 - 24 में अन्य क्लबो के साथ पी डी लायन डॉ आर के एस चौहान एवं पी डी लायन नितिन यशार्थ के हाथों लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के चार्टर अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा को समाज मे अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया। वही क्लब के सचिव इं संत कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ सूर्य नाथ प्रजापति, ग्रुप एडमिन ई रवि भूषण गुप्ता एवं डायरेक्टर एम जे एफ डॉ संतोष कुमार को भी अपने कार्यों एवं सहयोग देने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान रीजन चेयरपर्सन उमेश खक्कड़ जी एवं जोन चेयरपर्सन गौरव गुप्ता, अजीत मेहरोत्रा एवं लायन नीरज अग्रवाल सर के द्वारा दिया गया, जिन्होंने कम समय में इतने बेहतरीन तरीके से अवार्ड समारोह को आयोजित किया। इसके लिए पूरे क्लब ने उनको बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया एवम बधाई दी है। इस आयोजन में नगर के 10 लायन क्लबो के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष आदि लोग उपस्थित थे जिनको यह सम्मान मिला। लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल के सभी सदस्यों ने सभी को अपनी बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सरस्वती विद्या मन्दिर में पूर्व छात्र परिषद के गठन हेतु बैठक का आयोजन आज समय 4 बजे अपराह्न

**प्रयागराज।** भैया एवं बहिनों के जीवन में शिक्षा से प्रकाशित व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास को गौरवान्वित करने हेतु आज सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सर्वोदय नगर भरद्वाजपुरम विद्यालय में पहले अध्ययन कर चुके विद्यार्थियों के बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व छात्र परिषद के गठन पर विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया जाएगा। पूर्व छात्र परिषद के भैया बहन समाज में कार्य करते हुए विद्यालय के विकास में अपना महत्व पूर्ण योगदान देते रहते हैं यह परिषद विद्यालय का अभिन्न अंग है सर्वोदय नगर विद्यालय से जुड़े हुए समाज एवं जगत को अपने कार्यों से प्रकाशित करने वाले सभी श्रेष्ठ जनों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। विद्यालय के सभी पूर्व छात्र समय से बैठक में उपस्थित हों उक्त जानकरी विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र तिवारी द्वारा दी गई।

## अपहरण का अभियुक्त गिरफ्तार,गया जेल

**कोराब।** थाना कोराब पुलिस ने प्रतिदिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना कोराव में दर्ज क्राइम नंबर 166/2024 धारा 363,366 आईपीसी के अभियुक्त अमृत लाल पुत्र सुधाकर प्रसाद गर्म राजा पुर की कोरांव बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया।

## एक दिवसीय जलसे का आयोजन रविवार को

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला कोट में एक दिवसीय जलसे का आयोजन रविवार को शाम के समय किया गया है।जिसमें मौलाना अब्दुल वहाब, हाफिज अब्दुल समी कलीम उल्ला मदनी सन्तकबीर नगर, मौलाना नियाज अहमद सिद्धार्थ नगर, मौलाना उमैर कमाल आदि आलिमों द्वारा जलसे को सम्बोधित किया जाएगा। उक्त जानकारी मौलाना जैद शरीफ ने दी है।

# नैनी जेल की चहारदीवारी में शिक्षा की चमक : बैरक में अपने किए की सजा भुगत रहे कैदी परास्नातक तक कर रहे पढ़ाई




**नैनी।** नैनी केंद्रीय कारागार में बंद तमाम कैदियों के अंदर शिक्षा के प्रति प्रेम बढ़ रहा है। जेल से बाहर बेहतर जीवन जी सकें इसके लिए वह छोटी कक्षा से लेकर परास्नातक की पढ़ाई करने के लिए चहारदीवारी के अंदर किताबों में खो रहे हैं। इसके लिए जहां जेल प्रशासन अपनी ओर से प्रयास कर रहा है वहीं स्वयंसेवी संस्थाएं भी उनकी मदद कर रहा है। सेंट्रल जेल नैनी में बंदियों में शिक्षा के प्रति लगाव बढ़ रहा है। पुरुषों के साथ ही महिला बंदी भी शिक्षा के सहारे अपना जीवन बदलने की मुहिम में लगे हुए हैं। हत्या लूट, डकैती, चोरी समेत अन्य संगीन अपराध में सजा काट रहे बंदी जेल में चहारदीवारी के अंदर किताबों को अपने जीवन का हिस्सा बनाना शुरू कर दिया है। उनका मानना है कि जेल से बाहर आने पर वह शिक्षा के कारण ही समाज की मुख्य धारा से जुड़ पाएंगे। जेल में करीब 1700 बंदी है। बंदियों को उनकी पढ़ाई के हिसाब से उसकी काउंसलिंग की जाती है। इनमें कई बंदी आगे पढ़ाई के लिए तैयार हो जाते हैं। फिर योग्यतानुसार स्कूल या विश्व विद्यालय में दाखिला करा दिया जाता है। 57 बंदी ऐसे हैं, जिन्होंने इग्नू में स्नातक और परास्नातक की डिग्री लेने के लिए फार्म भरा था। छह जून से उनकी परीक्षा हो रही है। जेल की निगरानी में परीक्षा हो रही है। बंदियों के विश्वविद्यालय में प्रवेश के बाद इनको मुफ्त में प्रबंधन की तरफ से पुस्तकें मुहैया करवाई जाती हैं। इसके बाद यह पढ़ाई करते हैं। वह सिर्फ ऑफलाइन ही जेल की चहारदिवारी के बीच पढ़ाई करते हैं। इनके पढ़ाई के लिए पुस्तकें विश्वविद्यालय देता है और परीक्षा नैनी सेंट्रल जेल में होती है। सेंट्रल जेल नैनी में 100 से ज्यादा ऐसे बंदी है। जो पांचवीं से आठवीं में पढ़ाई कर रहे हैं। इसके लिए बाकायदा जेल की पांच में से चार सर्किल में कक्षा चलती है। यहां पर बंदियों को नैतिक शिक्षा भी दी जाती है ताकि वह अच्छे नागरिक बन सकें दसवीं बारहवीं में पढ़ाई के लिए जुलाई अगस्त में इच्छुक बंदियों से आवेदन करवाया जाएगा। बताया जाता है कि इन कक्षाओं के लिए नैनी, फतेहपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, हमीरपुर, बांदा समेत अन्य जगहों की जेल में अगर कोई आवेदन करता है तो उसकी परीक्षा जिला बांदा जेल में करवाई जाती है। यानी यहां के जेलों में बंद अगर कोई बंदी दसवीं बारहवीं की परीक्षा देने चाहता है तो उसे बांदा के जेल में ही परीक्षा देना पड़ेगा। इसके अलावा नैनी सेंट्रल जेल में शिव नाडर फाउंडेशन की तरफ से भी बंदियों को साक्षर करने की एक मुहिम चलाई जा रही है। अबतक 24-25 के दो बैच में बंदियों को साक्षर प्रमाणपत्र दे दिया गया है। जबकि 25 बंदियों के एक बैच की पढ़ाई चल रही है। कंप्यूटर और प्रोजेक्टर से 45 दिनों के कोर्स को पूरा करने के लिए प्रत्येक सोमवार से शनिवार रोजाना दो घंटे क्लास चलती है। इनमें 18 से लेकर 80 वर्ष उम्र के बंदी शामिल है। कुल तीन बैच में 74 महिला पुरुष बंदी को चिन्हित किया गया है।

# पीडीए के प्रस्ताव पर लगी शासन की मुहर, बढ़ गए 200 गांव, गंगा एक्सप्रेस वे तक पहुंचा दायरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) का दायरा बढ़ने वाला है। शासन से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। अगले कुछ दिनों में इसका गजट हो जाएगा। पीडीए के दायरे में चारों दिशाओं के 200 गांव बढ़ जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा बढ़ोतरी सोरांव तहसील में लखनऊ रोड की तरफ हुई है। इस विस्तार के बाद पीडीए का क्षेत्र गंगा एक्सप्रेस-वे तक पहुंच जाएगा।वर्तमान में पीडीए के दायरे में 639 गांव हैं। इसमें विस्तार के लिए 2018 में प्राधिकरण से शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। छह वर्ष बाद शासन से इसकी स्वीकृति हो गई है। अब पीडीए का दायरा दो सौ गांव




बढ़कर 839 हो जाएगा। इस विस्तार के साथ ही क्षेत्र भी बढ़ जाएगा। वर्तमान में पीडीए का क्षेत्र 1015 वर्ग किलोमीटर है। वह अब बढ़कर 1278 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा। पीडीए के गठन के बाद से चारों दिशाओं में विस्तार किया जा रहा है, लेकिन गंगापार सोरांव की ओर पूर्व में भी ज्यादा गांव लिए गए थे।2008 में विस्तार हुआ था तो सोरांव के 169 गांव लिए गए थे। इस बार सोरांव क्षेत्र के 166 गांव लिए गए हैं। ज्यादातर विस्तार लखनऊ रोड की तरफ है। इसमें कौड़िहार और होलागढ़ ब्लॉक के अधिकतर गांव और कुछ गांव सोरांव ब्लॉक के हैं। एक नगर पंचायत लाल गोपालगंज भी इसमें आ जाएगा। इस विस्तार के साथ ही पीडीए का क्षेत्र नवाबगंज में गंगा एक्सप्रेस वे तक पहुंच जाएगा। इसके अलावा फूलपुर के 20 गांव लिए गए हैं। इस दिशा में पीडीए का क्षेत्र सोरांव तक होगा। वहीं, करछना तहसील क्षेत्र के तीन गांव और चायल के 11 गांव शामिल होंगे।

**बनेगी विकास के लिए योजना**

गांवों को शामिल करने के बाद प्राधिकरण की ओर से विकास के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी। आने वाले वर्षों में यह गांव शहर का हिस्सा हो जाएंगे और विकास नियोजित होगा। 2031 की महायोजना का प्रस्ताव तो जा चुका है। इन गांवों के विकास का प्रस्ताव 2041 की योजना में शामिल होगा। इन क्षेत्रों में लोगों को घर बनाने के लिए नक्शा पास करवाना होगा।

# पीडीए के विस्तार पर ग्रामीणो की रही मिली जुली प्रतिक्रिया

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** विकास प्राधिकरण प्रयागराज के सीमा विस्तार में ग्राम पंचायत सहसों, भोपतपुर, सिंगरामऊ, महरौड़ा, बसमहुआ आदि गांव के लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया रही। ग्रामीणों का कहना है कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण की सीमा विस्तार में गांव हो जाने से अवैध प्लाटिंग या अवैध निर्माण पर रोक तो लगेगी ही तथा विकास को गति मिलेगी। वहीं पर कुछ लोगों का मानना है कि ग्रामीण स्वयं अपने मकान बनवाने से लेकर अन्य चीजो में दखलंदाजी होने से परेशानी बढ़ जाएगी। सहसों ग्राम निवासी चंद्रधर द्विवेदी, सिंगरामऊ गांव निवासी भूपेंद्र मिश्र पप्पू , संदीप द्विवेदी, ग्राम प्रधान शकुंतला देवी तथा महरौड़ा गांव की ग्राम प्रधान रीता देवी का मानना है कि हम सब का गांव प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने से सुसज्जित कॉलोनी के साथ अवैध निर्माण पर रोका या प्लाटिंग रोका जा सकेगा। जिससे नियोजित ढंग से बनने पर खतरे कम होंगे। वहीं पर



चंद्रधर द्विवेदी सहसों।



चंद्र प्रकाश शुक्ला सहसों।



ग्राम प्रधान सिंगरामऊ शकुंतला देवी

सहसों गांव निवासी चंद्र प्रकाश शुक्ला, बसमहुआ गांव निवासी चिंतामणि शुक्ला तथा सिंगरामऊं निवासी रवि पाल का कहना है कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण में गांव के चले जाने से ग्रामीणों का शोषण होगा तथा आए दिन प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को परेशान किया जाएगा। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। कुल मिलाकर ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अंतर्गत लिए गए गांव में नगर निगम की सुविधाए उपलब्ध होगी तब तो ग्रामीणों का इसका



ग्राम प्रधान महारौड़ा रीता देवी।



रवि पाल सिंगरामऊ।

फायदा होगा तथा विकास की असीमित संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। अन्यथा विस्तारित क्षेत्र के गांव में परेशानी ज्यादा तथा फायदे कम होंगे।

# आयुष्मान कार्ड की खराब प्रगति पर सीडीओ की फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में संगम सभागार में हुई। उऊ्ड ने संचारी अभियान, जेएसवाई, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई-कवच एप, आयुष्मान योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों सहित स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।सीडीओ ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जिन ब्लाकों में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति खराब है, वहां पर तत्काल तेजी लाया जाए। आशाओं कार्यकताओं के भुगतान की समीक्षा में विकास खंड धनूपुर सहित अन्य विकासखंडों की प्रगति खराब पाये जाने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को हिदायत देते हुए शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### कोरांव और बहरिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी को चेतावनी

जननी सुरक्षा योजना की प्रगति खराब मिलने पर कोरांव व बहरिया के प्रभारी चिकित्साधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को ससमय कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने जाने पर जोर दिया। गर्भवती महिलाओं के चिह्नीकरण एवं रजिस्ट्रेशन में लापरवाही करने वाली एएनएम के खिलाफ कार्रवाही किए जाने का निर्देश दिया है।मंत्रा एप पर फीडिंग खराब मिलने पर संबंधित एमओआईसी को चेतावनी देते हुए शत-प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का निर्देश दिया है। आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन कराए जाने की समीक्षा में प्रगति खराब मिलने पर स्थिति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सीएमओ डॉ. आशु पांडेय व विभाग से संबंधित अधिकारी व अधीक्षक मौजूद रहे।

# बिना पंजीकरण चल रहा अस्पताल व क्लीनिक सील

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज शुक्रवार को जनपद के अलग-अलग इलाकों में क्लीनिक व अस्पतालों में छापेमारी अभियान चलाया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंजीकरण) डॉ. तीरथ लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने एक अस्पताल, एक पैथालॉजी व दो क्लीनिक को सील कर दिया। यह सभी स्वास्थ्य विभाग में बिना पंजीकरण कराए ही अवैध रूप से अस्पताल व क्लीनिक का संचालन कर रहे थे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय ने बताया कि शिकायत मिल रही थी कि यह अस्पताल और क्लीनिक बिना पंजीकरण के चल रहे थे जिसके क्रम में आज छापेमारी की गई और सील करने की कार्रवाई की गई है।

### नहीं दिखा सके पंजीकरण संबंधित प्रपत्र

टीम सबसे पहले कोरांव के जोरवट गांव में पहुंची थी। यहां हड्डी का इलाज कर रहे एक क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। यहां के संचालक पंजीकरण प्रपत्र संबंधित कागजात नहीं दिखा सके। तत्काल इसे सील कर दिया गया। इसके बाद टीम लेड़ियारी, गल्ला मंडी तिराहे पर सचिन कुशवाहा द्वारा संचालन विजय हॉस्पिटल पर पहुंची।यहां पर एक महिला मरीज भर्ती थी। यहां भी संचालक ने बताया कि पंजीकरण नहीं हुआ है। इसे भी सील कर दिया गया। इसके बाद टीम रतौरा मोड़ स्थित एक क्लीनिक और एक पैथालॉजी का निरीक्षण किया गया, यह भी बिना पंजीकरण के चल रहा था। सभी को सील कर दिया गया।

# चौराहों पर लगाया जायेगा महाकुंभ का लोगो

## संगम तीरे जनवरी में होगा महाकुंभ, नए कलेवर में दिखेगा नगर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में जनवरी में दुनिया का सबसे बड़ा मेला महाकुंभ-2025 का आयोजन होगा। इसके लिए पूरे शहर को सजाया जा रहा है। जिले के अफसरों के साथ-साथ खुद उट योगी आदित्यनाथ इसे लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं। शहर को किस तरह से सुंदर बनाया जाए इसे लेकर मंथन चल रहा है।

पिछले दिनों महाकुंभ को लेकर लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने खुद समीक्षा की थी। शहर के प्रमुख चौराहों पर महाकुंभ का लोगो लगाए जाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें विधिवत लाइटिंग आदि की व्यवस्था होगी, जो आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी।

### ग्रीन प्रयागराज-ग्रीन महाकुंभ की थीम पर फोकस

महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में मेला का विस्तार किया जाएगा। श्रद्धालुओं को एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र में पहुंचने में 30 से 40 मिनट से ज्यादा समय न लगे इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है। महाकुंभ को देखते हुए प्रयागराज में 7 रिवर फ्रंट रोड, 14 आरओबी व 7 पुराने घाटों के सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। यह कार्य अक्टूबर तक पुरा कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ अक्षयवट, सरस्वती कूप, पातालपुरी कॉरिडोर का कार्य तथा नागवासुकि मंदिर, श्रृंग्वेरपुर धाम, मनकामेश्वर मंदिर, द्वादशमाधव मंदिर और अलोपशंकरी मंदिर का भी सौंदर्यीकरण कार्य चल रहा है।

### गर्मी की छुट्टी के बाद खुले परिषदीय स्कूल, पहले दिन तिलक लगाकर किया गया नौनिहालों स्वागत

**प्रयागराज।** ग्रीष्म अवकाश के बाद बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय शुक्रवार से खुल गए हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय नखास कोहना व शाहगंज में एआरपी अनुरागिनी सिंह ने बच्चों को रोली टीका व पुष्प देकर स्वागत किया। स्कूल शिक्षा महानिदेशक के निर्देश पर स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक गार्गी अग्रवाल व संगीता श्रीवास्तव की देखरेख दो दिवसीय समर कैंप शुरू हो गया। जिसमें बच्चों को मंडेला आर्ट ,वर्ली आर्ट ,क्राफ्ट ,सजावट सिखाने के लिए यह कार्यशाला चलाई जा रही है।समस्त स्टाफ के सहयोग से विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामान बनाना व बच्चों की रुचि को देखते हुए बच्चों को सिखाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें बच्चे बड़ी ही उत्सुकता व प्रसन्नता के साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन मध्यान्ह भोजन में बच्चों को खाने के लिए खीर दी गई। विद्यालय में गुलशन बानो, किरण श्रीवास्तव. विशाल शर्मा, फोजिया, सविता चौरसिया, जया वरमानी, साजिदा, अर्शिया आदि स्टाफ उपस्थित रहे। पहले दिन सभी बच्चों ने कुछ न कुछ सीखने का प्रयास किया।

# नैनी चकभटाई में जमीन के विवाद में पथराव

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चकभटाई इलाके में जमीन के विवाद में शुक्रवार को दो पक्ष आपस में भिड़ गए। बात बढ़ने पर एक पक्ष की ओर से महिलाओं और बच्चों ने पथराव कर दिया। इससे चार लोग घयाल हो गए। पुलिस और प्रशासन की टीम मामले के निस्ताराण के लिए आने वाली थी कि उससे पहले मारपीट हो गई। मामले में एक पक्ष की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकभटाई इलाके में रहने वाले विकास पुत्र कामता प्रसाद पटेल का मोहल्ले में लगभग तीन बिस्सा जर्मीन का कुछ लोगों से विवाद है। विकास के अनुसार उन्होंने कोर्ट से केस भी जीत लिया। शुक्रवार को तहसील और नगर निगम टीम मामले के निस्तारण के लिए पहुंचने वाली थी। इसके पहले कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसमें विकास पटेल, सत्यवीर यादव, रोहित, भारतीय, मो.नवाब को चोट आई हैं। विकास की तहरीर पर श्रीनाथ, मिथलेश व कमलेश के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। इस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि टीम के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्षों से लोग इकट्टा होकर विवाद करने लगे थे। एक पक्ष की ओर से पथराव में दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


# कार्यालयः जिला पंचायत कौशाम्बी

पत्रांकः 325/ निविदा-जि0पं0कौ0/2024-25

## निविदा सूचना

दिनांक 28.06.2024

जिला पंचायत कौशाम्बी व पंचायतीराज अनुभाग–2 के शासनादेश संख्याः 1488(1)/33–2– 2020 दिनांकः 24 जुलाई 2020 द्वारा जिला पंचायत कौशाम्बी व लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत कौशाम्बी में विभिन्न योजनान्तर्गत से निर्माण कार्यो की निविदा फार्म कार्यालय जिला पंचायत, कौशाम्बी, में दिनांक 18.07.2024 को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर मुहर बन्द लिफाफे में दिनांक 19.07.2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक जिला पंचायत कौशाम्बी में निविदा बाक्स में डाले जायेगें। प्रत्येक लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम एवं क्रमांक अंकित करना अनिवार्य होगा। निविदा 19.07.2024 को उक्त स्थान पर उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष 2:30 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को कोई निविदा फार्म देय नहीं होगा। निविदा की दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत 3 वर्श की अवधि का निविदादाता का चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा फार्म को कार्यालय में सीधे जमा किया जा सकता है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। **प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ अनिवार्य रूप से पृथक–पृथक 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि टी0डी0आर/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जो कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत कौशाम्बी के पक्ष में बन्धक होगा।** जिसे संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकार होने के पश्चात् यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमाकर अनुबन्ध नहीं कराया जाता है तो कार्य की निविदा में 2 प्रतिशत जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। निविदा की विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है। निर्माण कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) | अग्रिम धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत (रू0में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 18 प्रतिशत सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिराथू | ग्राम रामपुर धमवॉ में प्राथमिक विद्यलाय से आबादी के अवशेष भाग पर सी0सी0 कार्य। | 2.85 | 5700.00 | 337.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |
| 2. | कड़ा | ग्राम हब्बूनगर सिपाह में शमशान घाट से डामर रोड़ तक सम्पर्क मार्ग खडन्जा कार्य। | 5.41 | 10820.00 | 638.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 3. | सिराथू | अठसराय भडेहरी में माढो सम्पर्क मार्ग के अवशेष भाग पर पी0सी0 कार्य। | 7.27 | 14540.00 | 858.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 4. | नेवादा | ग्राम मखऊपुर प्रयागराज सं0 मार्ग से तौहीद चौधरी के घर तक लेपन/मरम्मत कार्य। | 5.08 | 14540.00 | 858.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 5. | सरसवॉ | ग्राम सभा सरसवॉ में गरौली सं0 मार्ग से पंचायत भवन के आगे तक लेपन कार्य। | 8.34 | 16680.00 | 984.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 6. | कड़ा | ग्राम गनपा में मुसहरा बस्ती के अवशेष भाग पर लेपन कार्य। | 3.83 | 7660.00 | 452.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |
| 7. | मूरतगंज | ग्राम समसपुर में पंचायत भवन से जयप्रकाश के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 8.47 | 16940.00 | 1000.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 8. | सरसवॉ | ग्राम सभा कटरी में रायपुर सं0 मार्ग पर होरिल केवट के घर से इण्टरलॉकिंग सड़क तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.74 | 13480.00 | 795.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 9. | कड़ा | ग्राम सभा गनपा गुलामीपुर हटवारा गॉव में इण्टरलॉकिंग मार्ग से जयचन्द्र चक्की सम्पर्क मार्ग पर सी0सी0 कार्य। | 4.58 | 9160.00 | 541.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 10. | कौशाम्बी | ग्राम मुस्तफाबाद में काली माता थान से गौशाला के बगल से होते हुए धुन्ना पासी के घर तक खडन्जा कार्य | 1.36 | 2720.00 | 160.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |
| 11. | सिराथू | ग्राम सयारा मीठेपुर में गढ़ई में इण्टरलॉकिंग मार्ग से भुइया रानी मन्दिर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.03 | 10060.00 | 594.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 12. | सरसवॉ | शाहपुर मे भवनसुरी स0 मार्ग पर विजय सिंह के घर से तालाब तक नाली निर्माण | 6.78 | 13560.00 | 800.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 13. | सिराथू | शाहपुर मे भवनसुरी स0 मार्ग पर विजय सिंह के घर से तालाब तक नाली निर्माण | 6.78 | 13560.00 | 800.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 14. | मंझनपुर | ग्राम कादिराबाद में दसवन्त के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 4.07 | 8140.00 | 480.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |
| 15. | मंझनपुर | ग्राम एडहरा में काली माता स्थान के पास तालाब से प्रा0वि0 के पास तक नाला निर्माण कार्य। | 8.47 | 16940.00 | 1000.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 16. | मूरतगंज | बन्धवा सम्पर्क मार्ग से सिराथू सरहद तक नाली निर्माण कार्य | 8.47 | 16940.00 | 1000.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 17. | चायल | सैययद सरावॉ में प्राथमिक पाठशाला मार्ग से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 8.45 | 16900.00 | 997.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 18. | मंझनपुर | अषाढ़ा मजरा फताहीपुर में जिला पंचायत पूर्व निर्मित नाली से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। | 6.83 | 13660.00 | 806.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 19. | नेवादा | रेही में बस्ती से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 4.00 | 8000.00 | 472.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |
| 20. | सिराथू | ग्रमा रमसहायपुर में आबादी से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। | 4.89 | 9780.00 | 577.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 21. | सिराथू | ग्राम उदहिन खुर्द में आबादी से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 6.26 | 12520.00 | 739.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 22. | सरसवॉ | ग्राम सड़वॉ में गॉव से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 5.96 | 11920.00 | 703.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 23. | सरसवॉ | ग्राम सभा कटरी में रायपुर सं0 मार्ग पर होरिल केवट के घर से इण्टरलॉकिंग सड़क तक नाली निर्माण कार्य। | 8.46 | 16920.00 | 998.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 24. | सरसवॉ | लौंगावॉ में चन्द्रभान यादव के दरवाजे से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 8.42 | 16840.00 | 994.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 25. | सरसवॉ | पूरब सरावॉ में आबादी से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 6.65 | 13300.00 | 785.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 26. | चायल | कसेन्दा में जि0 प0 सड़क से मन्दिर तक नाली निर्माण कार्य | 3.14 | 6280.00 | 371.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |
| 27. | कड़ा | ग्राम सभा गनपा गुलामीपुर हटवारा गॉव में नाली निर्माण कार्य। | 4.69 | 9380.00 | 553.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 28. | कड़ा | ग्राम गुलामीपुर गनपा में आबादी से लड़हा तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 7.89 | 15780.00 | 931.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 29. | कौशाम्बी | ग्राम रक्सवारा में लखन तिवारी के घर से नदी की ओर नाली निर्माण कार्य। | 8.45 | 16900.00 | 997.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 30. | कड़ा | ग्राम अम्बाई बुजुर्ग में इण्टरलॉकिंग मार्ग से तकिया मोहल्ला तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | 7.03 | 14060.00 | 830.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 31. | कड़ा | ग्राम अफजलपुर सातों के मिर्जापुर गॉव में पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। | 5.71 | 11420.00 | 674.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 32. | सरसवॉ | रामनगर मेन रोड़ से नाला तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 8.45 | 16900.00 | 997.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 33. | सरसवॉ | ग्राम हटवॉ में बस्ती से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। | 7.12 | 14240.00 | 840.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 34. | सरसवॉ | ग्राम भवनसुरी में केवटान बस्ती से नाले तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 4.07 | 8140.00 | 480.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |
| 35. | सरसवॉ | ग्राम पंचायत पश्चिम सरावॉ स्थित बउखर बाबा मन्दिर परिसर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 8.35 | 16700.00 | 985.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 36. | मंझनपुर | ग्राम टेवॉ में विजय सिंह के घर से मुख्य मार्ग तक भूमिगत नाला निर्माण कार्य। | 8.45 | 16900.00 | 997.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 37. | मंझनपुर | गोबसहाई में जग्गू प्रजापति के मन्दिर से हरि चन्द्र के खेत के पास तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 6.95 | 13900.00 | 820.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 38. | सरसवॉ | ग्राम अढौली में आनन्दीमाता मन्दिर के पास सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य | 8.35 | 16700.00 | 985.00 | 3 माह | A,B,C,D |
| 39. | कौशाम्बी | बटबन्धुरी से बल्लोपुर मार्ग के किनारे जलनिकासी हेतु नाली निर्माण कार्य। | 2.97 | 5940.00 | 350.00 | 3 माह | A,B,C,D,E |

नोट– 1. निविदा सम्बन्धित समस्त शर्ते ई–निविदा सूचना के अनुसार ही है एवं निविदा शुल्क प्रपत्र–5 के माध्यम से भी जमा किया जा सकता है। जिसके सम्बन्ध में किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

(अरुण प्रताप भारती)
अभियन्ता
जिला पंचायत कौशाम्बी

(कमलेश सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत कौशाम्बी

(कल्पना सोनकर)
अध्यक्ष
जिला पंचायत कौशाम्बी

# दो सगे भाइयों को पिकअप ने मारी टक्कर एक की मौत एक घायल



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के पाल होटल के पास बाइक सवार दो सगे भाइयों को तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे दोनों भाई बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए एक भाई की घटना स्थल पर तड़प तड़प की मौत हो गई है जबकि दूसरा भाई गंभीर घायल है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद सलीम उम्र 45 वर्ष पुत्र नियाज अहमद अपने भाई कलीम उम्र 42 वर्ष निवासी मनमऊ थाना कोखराज के साथ बाइक से शुक्रवार की सुबह कोखराज थाना क्षेत्र में अपनी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों भाई पाल होटल के पास पहुंचे सैनी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप में बाइक सवार दोनों भाइयों को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई इस हादसे में मोहम्मद सलीम की घटनास्थल पर तड़प तड़प कर मौत हो गई है और दूसरे भाई कलीम की हालत गंभीर है जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया है जिसका इलाज निजी अस्पताल मे चल रहा है।

बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके पर से फरार हो गया है ग्रामीण की सूचना पर हल्का पुलिस मौके पर पहुंची है और फरार वाहन की तलाश कर रही है।

## खम्भे में उतरे करंट की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय में नगर पालिका मंझनपुर वार्ड नंबर 22 भडेसर में बिजली के खंभे के स्टे तार में उतरे करंट की चपेट में आने से 6 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। बिजली खम्भे के स्टे में करंट उतरने के बाद एक बार फिर विभागीय लापरवाही सामने उजागर हुई है। मंझनपुर थाना क्षेत्र के भडेसर में उमेश सरोज की पुत्री अमेनिका उम्र 6 वर्ष खेलते समय खम्बे के स्टे तार की चपेट में आ गई जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई जानकारी मिलने के बाद मौके पर कोहराम मच गया परिवार वाले मंझनपुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जंहा डॉक्टरों ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित होने की खबर से परिवार वालों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई।

## जिला जज, एसपी के साथ डीएम ने किया जिला जेल का निरीक्षण




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के नवागत डीएम मधुसूदन ने जिला जज अनुपम कुमार,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव,सीजेएम के साथ जिला जेल का शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके भोजन, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं को चेक किया । जेल परिसर की साफ सफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान जिला जेल अधीक्षक अजितेश मिश्रा,डिप्टी जेलर सहित जेल के स्टाफ मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मुहर्रम को लेकर संदीपन घाट थाना क्षेत्र में हुई शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने दिए निर्देश



**महगांव कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज मेला बाग स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को थाना प्रभारी बृजेश करवरिया के द्वारा थाना क्षेत्र के कई गांव के ताजियादारो व अन्य संभ्रांत लोगों की शान्ति बैठक बुलाई गई जिसमे पहुचे क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी व एसडीएम चायल ने अध्यक्षता करते हुए लोगो को मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की संदीपन घाट थाना प्रभारी बृजेश करवरिया ने मोहर्रम त्यौहार में उठने वाली ताजिया जुलूस को लेकर ताजियादारो से वार्ता कर स्थित जाना सामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिसकर्मी शामिल रहेंगे जुलूस में डीजे बजाने पर रोक रहेगी सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की गई है बैठक में महगाव उजिहनी मलाक मोइद्दीन पुर कोइलहा कासिया पूरब मूरतगंज आलम चंद्र बजहा बड़े गांव पट्टी परवेजा बाद असतुल्ला गंज असरापुर आदि गांव के लोग शामिल हुए। मोहहर्म त्यौहार में आपसी सौहार्द प्रेम भाई चारा बनाए रखने की अपील करते हुए ताजिया जुलूस का शुरूआत व समापन का समय शाम 7:30 बजे तक रखा गया अधिकारियों ने सख्त आदेश देते हुए कहा कि यदि कोई शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी एसडीएम चायल द्वारा बैठक में शामिल लोगो को ताजिया को ज्यादा ऊंची न बनाने को कहा जिससे कोई हादसा न हो। बैठक में शामिल ताजियादारों ने बिजली के तारों काटिया और अन्य रुकावटों को बताया जिसमे थाना प्रभारी ने लोगो को आश्वासन दिया कि पुलिस हर संभव मदद करने को तैयार हैं।

### कमासिन माता मंदिर में प्रवेश द्वार के निर्माण से शोभायमान दिखेगा देवी धाम : अजय सोनी



कमासिन माता मंदिर परिसर में प्रवेश द्वार का जिला पंचायत सदस्य ने भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

**कौशाम्बी** शुक्रवार 28 जून को सिराथू ब्लॉक के ग्राम गंभीरा पूर्व स्थित कमासिन माता मंदिर परिसर में जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने भूमि पूजन कर नए प्रवेश द्वार के निर्माण का शिलान्यास किया। साथ ही मंदिर में स्थापित देवी प्रतिमा की पूजा कर लोक कल्याण की कामना की। बता दें कि 28 जून शुक्रवार को समय 11 बजे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कई कार्यकताओं के साथ सिराथू ब्लॉक के ग्राम गंभीरा पूर्व स्थित कमासिन माता मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना को। तत्पश्चात मंदिर परिसर में ही एक नए प्रवेश द्वार के नव निर्माण हेतु धूप अगरबत्ती, गंगाजल, पुष्प, नारियल, लड्डू से भूमि पूजन कर प्रवेश द्वार का शिलान्यास किया, साथ ही कमासिन माता मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर लोगों में वितरित कराया। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि कमासिन माता मंदिर में नए प्रवेश द्वार के निर्माण होने से मंदिर परिसर की शोभा बढ़ेगी जिससे देवी जी धाम शोभायमान दिखेगा। आगे कहा कि इस प्रवेश द्वार का निर्माण पूरी तरह से आपस में सहयोग कर कराया जा रहा है। इसमें कोई सरकारी मद या बजट का पैसा नहीं लगा न ही किसी योजना या संस्था के माध्यम से इसका निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह, अवर अभियंता दीनानाथ बिंद, गंभीरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लवलेश तिवारी,राम मूरत तिवारी, ब्रिजेद्र तिवारी, गया प्रसाद यादव, सोनू यादव, झुराई लाल गौतम, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

### नगर पंचायत में 72 घंटे तक लगातार चलेगा सफाई अभियान




**अझुवा कौशांबी** शासनादेश के मुताबिक नगरी निकायों में नाला नालियों की सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने हेतु प्रतिबद्ध 72 घंटा अभियान चलाए जाने के संबंध में नगर पंचायत अझुवा में नाला नालियों की सफाई पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने कहा कि सफाई अभियान के लिए कई टीमें बनाकर नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की दिन रात सफाई की जा रही है शासन के आदेश मुताबिक सूक्ष्मकर योजना बनाते हुए चिन्हित सभी बड़े नाले मझौले नाले व छोटे नालों के सिल्ट की सफाई ताली तक सुनिश्चित की जाए सफाई करने के बाद सिल्ट को शीघ्र डंपिंग स्थान पर भेजना सुनिश्चित किया जा रहा है।

### बरियांवा गांव मे भंडारे का किया आयोजन



**कौशाम्बी** चायल तहसील के बरियांवा गांव मे नदी के पास बिराजमान बरम बाबा खलीफा बाबा के दरबार मे शुक्रवार को भक्तों ने धूमधाम से भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे मे तरह तरह के हलुआ पूड़ी व मिष्ठान में प्रसाद ग्रहण करने के लिए पूरे गांव को आमंत्रित किया गया और गांव वालों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर आनन्द का अनुभव प्राप्त किया देर रात तक भंडारा में भक्त प्रसाद ग्रहण करते रहे इस भंडारे मे मुख्य रुप से इन्द्रोलाल केशरवानी की अगुवाई व मार्ग दर्शन मे बब्लू शुक्ला, जितेन्द्र कुमार पटेल,गुलशन कुमार पटेल,बृजेन्द्र कुमार केशरवानी,प्रधान पती मुन्ना सरोज,कमलेश पटेल, आदि भक्त गण मौजूद रहे।

### बदले गए डीपीआरओ कौशाम्बी

**कौशाम्बी** जिले में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी का स्थानांतरण शासन ने अन्य जनपद में कर दिया है मुजफ्फरनगर जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार का कौशांबी जनपद में ट्रांसफर हुआ है पंचायती राज विभाग मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव ने आदेश जारी कर दिया है।

### एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को डेढ़ वर्ष सश्रम कारावास

**कौशांबी।** दिनांक 25.11.2022 को थाना सैनी पर मु0अ0सं0 421/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित अभियुक्त अनिल साहू पुत्र रामराज साहू निवासी औंग थाना औंग जनपद फतेहपुर को न्यायालय एडीजे-07/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 01 वर्ष 06 माह के सश्रम कारावास एवं 1000/- रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 07 दिन अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

### पति के प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने थाने में की शिकायत

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के दुधारा मजरा मलाक मोइनुद्दीनपुर की रखने वाली सुनीता देवी ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पति नथन उसके ऊपर तरह तरह के आरोप लगाकर भद्दी भद्दी गाली गलौज देता है और लड़ाई झगड़ा व मारपीट करता है। जब वह विरोध करती है तो वह उसे जिंदा जलाकर मार डालने की धमकी देता है। अत्यधिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला पुलिस के पास न्याय की गुहार लगाने थाने पहुंच कर उसने कार्यवाही की मांग की है।

# लीकेज गैस सिलेंडर से लगी आग पांच लोग झुलसे

## आग ने तीन घरों को चपेट में लिया, घायलों का मेडिकल कॉलेज में हो रहा इलाज



**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में रसोई घर में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई,सिलेंडर से लगी आग में पांच लोग झुलस गए,जबकि तीन घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व पुलिस की टीमों ने आग पर काबू पाया। घायलों को मंझनपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। गैस कंपनियों द्वारा सिलेंडर की सप्लाई में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है जिससे आए दिन गैस सिलेंडर में लीकेज की समस्या से आग लगने की घटनाएं हो रही हैं और उपभोक्ता हादसे के शिकार हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी गैस कंपनी उन्हें मुआवजा नहीं देती है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात्रि राममिलन पुत्र छितानी लाल निवासी थांबा गांव के घर की रसोई में सिलेंडर लीकेज होने के चलते आग लग गई। आग लगने से सोनू पुत्र सुंदरलाल अमरावती पत्नी रामदीन रंजन पुत्री रामदीन और उनके घर आए रिश्तेदार सनी दिवाकर झुलसकर घायल हो गए ।ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की लगातार कोशिश की लेकिन आग ने तीन पड़ोसी घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की सूचना पर थाना मंझनपुर से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से युवक-युवती समेत तीन को मंझनपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां उनको बर्न वार्ड में रखकर इलाज किया जा रहा है ।राम मिलन के अनुसार रात में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर अचानक लीक करने लगा। जब तक कुछ समझ आता उसमें आग लग गई। बुझाने की कोशिश में उनके परिवार के 5 लोग झुलस गए। इसके अलावा 3 अन्य मकान आग की चपेट में आए हैं।

## 6 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके दर्जनों उपनिरीक्षकों का गैर जनपद स्थानांतरण

**कौशाम्बी।** पुलिस विभाग कौशांबी में 6 वर्ष से अधिक समय से कौशांबी जिले में तैनात दर्जनों उप निरीक्षकों का स्थानांतरण गैर जनपद कर दिया गया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उप निरीक्षक भाई लाल मनोज कुमार सिंह अनिल कुमार जायसवाल अवधेश कुमार इरशाद अली गिरीश कुमार सरोज गिरजा शंकर यादव कमलेश कुमार धर्मेंद्र कुमार वर्मा शैलेंद्र कुमार धीरज कुमार जायसवाल संजय सिंह परिहार रजनीकांत राजपूत हनुमान प्रताप सिंह राकेश कुमार मिश्रा शिव गोविंद तिवारी विजय शंकर शुक्ला अखिलेश चंद्र पांडे राम नारायण सिंह कुंवर सिंह का स्थानांतरण गैर जनपद कर दिया गया है और उन्हें तत्काल का कार्यमुक्त होने का निर्देश दिया गया है 6 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद सिंह श्याम बहादुर तीर्थ राज गौतम का सेवा में 1 वर्ष से कम समय शेष रहने के चलते उन्हें अनुकंपा के आधार पर स्थानांतरण से मुक्त कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने।शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने अधीनस्थों से कहा कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थित कार्यालयों/पटलों यथा-रिकार्डरूम, शस्त्र अनुभाग, नजारत अनुभाग, निर्वाचन कार्यालय, जिला आबकारी कार्यालय एवं भूलेख संग्रह अनुभाग, बन्दोबस्त कार्यालय, ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय एवं न्यायिक अभिलेखागार आदि के निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों से उनसे सम्बन्धित कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी आवेदन लम्बित न होने पाये, समयान्तर्गत आवेदन का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय। उन्होंने अभिलेखों का रख-रखाव व्यवस्थित तरीके से रखने के भी निर्देश दियें निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह तथा उप जिलाधिकारी राहुलदेव भट्ट उपस्थित रहे।



## प्राथमिक विद्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय गौसपुर टिकरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय टेवा तथा प्राथमिक विद्यालय कोडर, पाता सिरचनपुर, टेवा प्रथम, टेवा द्वितीय एवं टेवा तृतीय का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय निरीक्षण के दौरान अध्यापकों से कहा कि अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाय। छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाय। इसके साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को मानक के अनुसार मिड्-डे-मील प्रदान करने के भी निर्देश दिये।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के वाइस प्रेसिडेंट के प्रथम आगमन में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन






**भरवारी कौशाम्बी** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन नीरज उपाध्याय का 28 जून को भरवारी में प्रथम आगमन हुआ इस मौके पर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया कॉलेज के निदेशक संदीप सक्सेना ने सभी शिक्षकों को डोर टू डोर जनसंपर्क कर आगामी जुलाई से बच्चो के लिए हॉस्टल को भी सुचारू रूप सी चलाने के लिऐ जोर दिया 'इतना ही नहीं आगामी जुलाई से सभी टीचरो एवम बच्चो मे टोटल इंग्लिश टू इंग्लिश में ही वातार्लाप करने के जोर दिया जिस पर प्राचार्य अनिल मिश्रा ने भरोसा दिलाते हुए कहा की मेरा प्रयास होगा कि सभी बच्चों के साथ इंग्लिश में ही संबोधन हो। कार्यक्रम में सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संस्था के निदेशक संदीप सक्सेना ने कहा कि विद्याश्रम को आगे बढ़ाने के लिए हर एक कर्मचारियों को सौ प्रतिशत योगदान देना ही उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। इसी तरह मुख्य अतिथि नीरज उपाध्याय ने भी अपने संबोधन में संस्था को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने समस्त कर्मचारियों की तरफ से निदेशक संदीप सक्सेना ने वाइस चेयरमैन नीरज उपाध्याय एवं समस्त मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को अपने संबोधन में आश्वस्त करते हुए विश्वास दिलाया कि आने वाले सेशन में बेहतर शिक्षा एवं बेहतर अनुशासन बनाए रखने में उनका पूरा प्रयास रहेगा। कार्यक्रम के शुरुआत में संस्था के निदेशक एवं वरिष्ठ एडवोकेट संदीप सक्सेना ने माल्यार्पण एवं साल ओढ़ाकर वाइस चेयरमैन नीरज उपाध्याय का स्वागत किया।निदेशक संदीप सक्सेना को प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने माल्यार्पण एवं साल ओढ़ाकर स्वागत किया विद्याश्रम की अध्यापिका श्रीमति रश्मि पाठक श्रीमति रजनी श्रीवास्तव,श्रीमति साहिबा जरीन एवं खुशबू गुप्ता ने वाइस चेयरमैन एवं आए हुए समस्त मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को बुके भेंट कर स्वागत किया वाइस चेयरमैन के साथ मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य चंदन शर्मा वेदमणि शर्मा वशिष्ठ तिवारी का स्वागत संस्था के सीनियर अध्यापक अवधेश मिश्रा सुधाकर सिंह सुशील कुमार श्रीवास्तव नागेन्द्र द्विवेदी मनशा यादव एवं शिवम केसरवानी ने माल्यार्पण एवं साल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामचंद्र जो कि सन 1982 से नियमित कर्मचारी को उसके कार्यकाल पूरा होने के उपरांत निदेशक संदीप सक्सेना ने माला पहना कर विदाई दी।कार्यक्रम के अंत में इसी महीने रिटायर्ड होने जा रहे प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा को निदेशक संदीप सक्सेना ने माला पहनाते हुए उनके प्रधानाचार्य पद को अगले आदेश तक यथावत रहने की घोषणा किया। कार्यक्रम की समाप्ति से पहले प्रधानाचार्य ने निदेशक को उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने हेतु धन्यवाद देते हुए आए हुए समस्त अतिथियों अध्यापकों एवं मीडिया कर्मियों को दोपहर के भोजन के लिए भी आमंत्रित किया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राम सनेही श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# विभिन्न योजनाओं के ऋण आवेदनों को शीघ्र किया जाए निस्तारित : सीडीओ

## ऋण-जमानुपात का मानक के अनुरूप प्रगति ना पाए जाने पर कई बैंक प्रबन्धको को फटकार




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र में ऋण-जमानुपात भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानक 40 प्रतिशत से कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित बैंक अधिकारियों को मानक के अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि विभिन्न योजनाओं के ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाए कोई आवेदन लम्बित न रहने पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो ऋण आवेदन स्वीकृत हो गये हैं, उन्हें शीघ्र वितरित कर दिया जाय। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, एक जनपद-एक उत्पाद एवं स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने तथा स्वीकृत आवेदनों को वितरित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी के किसी ऐसे परम्परागत उत्पाद/हस्तशिल्प आदि को चिन्हित किया जाय, जो अपने आप में विशिष्ट हों, ताकि उसे जी0आई0 टैग के लिए आवेदन किया जा सकें, इससे जनपद की भी पहचान बढ़ेंगी। बैठक में एल0डी0एम0 जितेन्द्र चौधरी ने बताया कि फसली ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 56622 खातों के सापेक्ष 71533 के0सी0सी0 जारी किये गयें। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लक्ष्य 215 के सापेक्ष 125 के0सी0सी0 एवं पशुपालान किसान क्रेडिट कार्ड 5438 जारी किये गये। उन्होने बताया कि एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड किसानों को फसल कटाई के बाद कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिट, वेयर हाउस एवं मशरूम फार्मिंग आदि में सुविधायें मुहैया कराने के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत जनपद कौशाम्बी में विभिन्न बैंको द्वारा अब तक 34 आवेदन स्वीकृत किये जा चुकें हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने लम्बित आवेदनों को निस्तारित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत विभिन्न बैंको द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 78 ऋण आवेदन व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 77 ऋण आवेदन स्वीकृत किया गया हैं। बैठक में एलडीएम ने बताया कि फार्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इण्टरप्राइजेज योजना की शुरूआत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई है। ये स्कीम आत्मनिर्भर भारत अभियान के एक भाग के तौर पर की गई है। इस स्कीम के तहत केन्द्र सरकार उन सभी लोगों की आर्थिक सहायता करेंगी, जो लोग खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में अपना काम शुरू करना चाहेंगे। इससे उद्योग शुरू करने के लिए सभी लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। जिससे देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार होंगा। इस योजना के तहत बैंको द्वारा 103 आवेदन स्वीकृत किये गये, जिसमें 92 आवेदन वितरित भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 6880 समूह खाते खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 1583 खातों को बैंकों द्वारा खोला गया तथा क्रेडिट लिंकजिंग लक्ष्य 1709 के सापेक्ष बैंको में 1743 आवेदनों की स्वीकृति प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी हैं।इस अवसर पर सहायक प्रबन्धक नाबार्ड अनिल शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# आपातकाल विरोधी कोरस में राष्ट्रपति का स्वर

भारत के संविधान में वैसे तो राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च बतलाया गया है लेकिन जो संसदीय प्रणाली देश ने अपनाई है, उसके अंतर्गत इस पद पर बैठे व्यक्ति की सत्ता कार्यपालिका द्वारा निर्धारित होती है। स्वविवेक से राष्ट्रपति कुछ भी नहीं कर सकता, कह भी नहीं सकता। राष्ट्रपति के मन्तव्य दरअसल उसकी सरकार की मंशा होती है। कार्यपालिका प्रमुख यानी प्रधानमंत्री ही उसके हर कहे या लिखे गये शब्द को निर्धारित करता है जिसका सम्बन्ध प्रशासन से होता है। वर्ष भर में कम से कम दो मौके ऐसे होते हैं जब राष्ट्रपति के भाषणों का पूरा देश उत्सुकता से इंतजार करता है, पहला होता है 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश को दिया जाने वाला संदेश और बजट सत्र की शुरूआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में उनका अभिभाषण। नयी लोकसभा के प्रथम सत्र के अवसर पर भी राष्ट्रपति के इस वक्तव्य का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दोनों ही परिप्रेक्ष्य में बहुत महत्व होता है।

यह जानने के बावजूद कि यह सरकार की ओर से तैयार कर राष्ट्रपति के जरिये इन दो मंचों से जनता को दिया गया संदेश होता है, उसकी अहमियत बनी रहती है और उसे केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जाता कि उसमें राष्ट्रपति का व्यक्तिगत कुछ भी नहीं है। दोनों ही भाषणों की देश के साथ दुनिया भर में मीमांसा होती है क्योंकि इसके माध्यम से सरकार की केवल उपलब्धियां नहीं दर्शाई जातीं बल्कि उसके नजरिये और भावी कार्यक्रमों की भी मीमांसा होती है।

ऐसे में बहुत आवश्यक होता है कि जब भी सरकार राष्ट्रपति के हाथों में पढ़ने के लिये कुछ पकड़ाये तो उसे देखना चाहिये कि वह सत्ताधारी पार्टी के हितों से ऊपर उठकर बात करे। राजनीतिक एजेंडा संसद के दोनों सदनों व चुनावी रैलियों में तथा सार्वजनिक मंचों पर तो चलाया जाता है परन्तु अभिभाषण किसी व्यक्ति या दल के राग-द्वेष तथा हितों से प्रभावित होकर नहीं लिखे व पढ़े जाने चाहिये। भारत की संसदीय परम्परा में ज्यादातर राष्ट्रपतियों ने वास्तविकता में रबर स्टांप की हैसियत होने के बावजूद अपने वजूद व पद की गरिमा हमेशा बनाये रखी थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी महान शख्सियत के साथ काम करने के बावजूद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इस पद की ताकत व गौरव को उस पीएम के बराबर ला खड़ा किया था जिसे नेहरू सम्हाल रहे थे। बहुत कम पढ़े-लिखे होने के बाद भी ज्ञानी जैल सिंह ने इंदिरा गांधी की असामयिक मृत्यु के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाकर देश को राजनीतिक व संवैधानिक संकट से बाहर निकाला था, वह भी सभी ने देखा था। इंदिरा की हत्या के कारण भड़के दंगों के दौरान दिल्ली में सिखों के हुए नरसंहार को अपने समुदाय से न जोड़कर वे पद की गरिमा को नयी ऊंचाई तक ले गये। इतना ही नहीं, जब राजीव गांधी सरकार के एक मंत्री केके तिवारी ने 'राष्ट्रपति भवन को खालिस्तानी आतंकवादियों का अड्डा' बतलाया तो उन्हीं जैल सिंह ने राजीव गांधी को पत्र लिखकर तिवारी को हटवाया था। एपीजे अब्दुल कलाम और प्रणव मुखर्जी ऐसे राष्ट्रपति हुए जिनके कार्यकाल के दौरान दो विपरीत विचारधाराओं वाले दलों के नेतृत्व में सत्ता परिवर्तन हुआ परन्तु दोनों ने ही उसे बेहद सहज ढंग से लेकर संविधान की सत्ता को बरकरार रखा।

जिस तरह से मोदी के कार्यकाल में तमाम संवैधानिक संस्थाओं का अवमूल्यन हुआ है, उनमें राष्ट्रपति पद भी है। वैसे भी यह पद वास्तविक अधिकारों वाला नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस पर हर बार ऐसे व्यक्ति को बैठाया है जो पहले से कमजोर हो। पहले जिन रामनाथ कोविंद को बिठाया गया वे भी हमेशा मोदी से दबकर रहे। अब द्रौपदी मुर्मू हैं जो इतनी शक्तिहीन हैं कि उनके खड़े रहते मोदी के बैठे रहने की तस्वीरें तक आई हैं। अयोध्या स्थित रामलला मंदिर का जब शिलान्यास हुआ तो श्री कोविंद को नहीं बुलाया गया और जब उसका प्राणप्रतिष्ठा समारोह हुआ तब सुश्री मुर्मू को आमंत्रित नहीं किया गया। वैसे देखें तो खुद को कमजोर बनाने में इन दोनों का अपना योगदान भी कुछ कम नहीं है। श्री कोविंद ने जहां अपने सेवानिवृत्त होने के बाद भारत सरकार द्वारा 'एक देश एक चुनाव' पर बनी कमिटी का अध्यक्ष बनना स्वीकार किया, वहीं सुश्री मुर्मू ने मोदी को प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें दही-शक्कर खिलाई थी। दोनों ने बता दिया था कि वे चाहे जिस पद पर हों, पार्टी कार्यकर्ता बने रहेंगे।

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के सामने अपने उद्बोधन में मोदी ने कोई सकारात्मक शुरूआत करने की बजाये 50 वर्ष पहले लोगों द्वारा भुला दी गई इमरजेंसी की याद कराई। उसी विषय को आगे बढ़ाते हुए दोबारा लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिरला ने इस पर एक प्रस्ताव लाकर बतला दिया कि जिस काम के लिये उन्हें यह सीट पुनः मिली है, उसका निर्वाह वे करते रहेंगे- वह है भाजपा का एजेंडा चलाना। इसी सहगान में अपना स्वर मिलाती हुईं राष्ट्रपति मुर्मू भी गुरुवार को नजर आईं जब उन्होंने अपने अभिभाषण में आधी सदी पहले ढाई साल के अल्पकाल के लिये खुलकर बंद हो गये आपातकाल के अध्याय को फिर से खोला। उन्होंने भारत के कथित रूप से 'लोकतंत्र की जननी' वाले मोदी के जुमले को दोहराया जबकि वे जिस समाज (आदिवासी) से आती हैं उसके हिस्से में स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले कितना लोकतंत्र आया था, यह वे बखूबी जानती हैं।

# भारत में मॉनसून की देरी हुई दूर: रिपोर्ट

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मॉनसून की बारिश भारत के तीन-चौथाई हिस्से तक पहुंच गई है और समय से पूरे देश को छू लेने वाली है. यह बारिशें धान, कपास, सोया, सोयाबीन, गन्ना आदि जैसी फसलों के लिए बेहद जरूरी होती हैं.

मौसम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक समाचार एजेंसी को बताया है कि मॉनसून के बादल देश के तीन-चौथाई इलाके पर छा गए हैं. इस साल मॉनसून की शुरूआत और फिर आगे बढ़ने में देर हुई थी, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि मॉनसून की बारिश जल्द ही समय रहते पूरे भारत को ढक लेगी। अपना नाम ना बताने की शर्त पर मौसम विभाग के एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया, "मॉनसून तेजी से उत्तर भारत में फैल रहा है और पूरे देश तक समय पर पहुंच जाएगा."

**रफ्तार पकड़ती बारिश**

मौसम विभाग ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि गुरुवार को मॉनसून राजस्थान के और ज्यादा इलाकों, मध्य प्रदेश के अधिकांश इलाकों, उत्तर प्रदेश और बिहार के अतिरिक्त इलाकों और लगभग पूरे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में फैल गया.


विभाग के डाटा के मुताबिक एक जून के बाद से देश में 19 प्रतिशत कम बारिश हुई थी, क्योंकि मॉनसून की आगे बढ़ने की गति कम हो गई थी. दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों को छोड़ कर लगभग पूरे देश में बारिश की कमी देखी गई. उत्तरपश्चिमी भारत के कई इलाकों में तो भीषण हीटवेव चल रही थी, जिसमें कई लोगों की जान भी चली गई.

लेकिन अब हालात बदल रहे हैं. एक और मौसम अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि बारिश रफ्तार पकड़ रही है और अगले 15 दिनों में देश के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश होगी, जिससे गर्मियों की फसलों को लगाने में मदद मिलेगी. अधिकारी ने यह भी बताया कि बारिश की मौजूदा कमी जुलाई के मध्य तक काफी दूर हो जाएगी.

मॉनसून की बारिश भारत के आर्थिक विकास के लिए, विशेष रूप से खेती के लिए, बेहद जरूरी होती है. यह एक जून के आस पास दक्षिण भारत से शुरू होती है और फिर पश्चिमी, पूर्वी और मध्य भारत होते हुए लगभग आठ जुलाई तक पूरे देश पर छा जाती है.

भारत को खेती के लिए और जलाशयों को फिर से भरने के लिए जिस बारिश की जरूरत होती है, उसका लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मॉनसून से आता हैं. इसी बारिश की बदौलत किसान धान, कपास, सोयाबीन, गन्ना आदि जैसी फसलें लगाते हैं।

# वर्ष 2030 तक होगी साठ फीसदी आबादी अस्वस्थ (लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट)



हाल ही में शारीरिक गतिविधियों के संबंध में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के तथ्य अत्यंत चौंकाने वाले हैं। रिपोर्ट में भारतीय व्यस्कों के स्वास्थ्य की स्थिति को चिंताजनक बताया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारतीय वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधियों का प्रतिशत वर्ष 2000 के 22.3 से बढकर वर्ष 2022 में 49.4 हो गया बताया गया है और यह भी कहा गया है कि यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो वर्ष 2030 तक 60 फीसदी आबादी अस्वस्थ होगी। यह भारत के लिहाज से अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक इसलिए क्योंकि पर्याप्त शारीरिक गतिविधियां नहीं होने से बीमारियों का खतरा बना रहेगा। यह अत्यंत विचारणीय होने के साथ ही अत्यंत गंभीर है कि भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधियों संबंधी दिशा-निदेशों को पूरा नहीं करती है। यानी शारीरिक तौर(फिजीकली फिट) पर पूरी तरह फिट नहीं है। बताया गया है कि पुरुषों (42 फीसदी) के मुकाबले महिलाएं (57 फीसदी) शारीरिक गतिविधियों के मामले में ज्यादा निष्क्रिय हैं। कहना गलत नहीं होगा कि भारत में शारीरिक श्रम करने में लोग काफी आलसीपन दिखाते हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि वैश्विक स्तर पर लगभग एक तिहाई लोग (31.3 प्रतिशत) शारीरिक श्रम पर्याप्त रूप से नहीं करते। रिपोर्ट में पाया गया कि ये आंकड़ा वर्ष 2010 के मुकाबले और बढ़ गया है। उस समय के दौरान दुनिया भर में अपर्याप्त रूप से शारीरिक गतिविधि में संलग्न 26.4 प्रतिशत लोग थे, जो अब पांच प्रतिशत अधिक है। दरअसल आज हमारी जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन आ गये हैं और हमारे देश की आबादी बैठे-बैठे काम करने की प्रवृत्ति की ओर लगातार बढ़ रही है। एक समय था जब ऐसा नहीं था और शारीरिक श्रम पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। बढ़ते मशीनीकरण, आधुनिकीकरण के कारण ऐसा संभव हुआ है। पहले के जमाने की तुलना में हमारे कामकाज के पैटर्न में बदलाव आ गये हैं और आज हर कोई स्क्रीन को अधिक समय दे रहे हैं। पर्यावरण में भी आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव भी हमारी जीवनशैली पर पड़ा है। हम वाहनों पर निर्भर हो गये हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय है। हालांकि, हमारे पड़ोसी बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में महिलाएं ज्यादा सक्रिय हैं। इस संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं में निष्क्रियता के लिए घर के कामों में उनकी ज्यादा भागीदारी जिम्मेदार है। इससे उन्हें खुद पर ध्यान देने का कम समय मिलता है। क्या यह सोचनीय व गंभीर नहीं है कि अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (फिजीकल एक्टिविटी ) के मामले में हमारा देश भारत 195 देशों में 12वें पायदान पर है ? दुनिया भर में, करीब एक तिहाई (31 प्रतिशत) वयस्क यानी कि करीब 1.8 बिलियन लोगों ने 2022 में शारीरिक गतिविधि के रिकमेंडेड लेवल(अनुशंसित स्तर) को पूरा नहीं किया। सबसे चिंता की बात यह है कि भारतीय वयस्कों में फिजिकली इनएक्टिव होना साल 2000 में 22.3 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 2022 में 49.4 प्रतिशत पहुंच गया। इसका मतलब यह है कि हमारी आबादी का 60 प्रतिशत हिस्सा 2030 तक शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो जाएगा।वर्ल्ड हेल्थ आगेर्नाइजेशन(डब्ल्यू एच ओ) के मुताबिक, अगर कोई भी वयस्क हफ्ते में 150 मिनट से कम और किसी किशोर की शारीरिक गतिविधि 60 मिनट से कम है तो उसकी शारीरिक गतिविधि को अपर्याप्त माना जाएगा। ऐसे लोगों को योग और एक्सरसाइज पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। डब्लूएचओ की सिफारिश के मुताबिक, सभी वयस्कों के लिए हफ्ते में कम से कम 150 से 300 मिनट की मीडियम एरोबिक एक्टिविटी जरूरी है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि शारीरिक निष्क्रियता वाले वयस्कों में दिल की बीमारियों जैसे दिल का दौरा, स्ट्रोक, टाइप 2 शुगर, मनोभ्रंश और ब्रेस्ट और कोलन कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। द लैंसेट डायबिटीज एंड एंडोक्रिनोलॉजी जर्नल में प्रकाशित 2023 इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-इंडिया डायबिटीज (कउटफ-कठऊकअइ) के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2021 में भारत में 101 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित थे और उसी वर्ष लगभग 315 मिलियन लोगों को हाई बीपी था। अध्ययन के अनुसार, इसके अलावा 254 मिलियन लोग मोटापे से ग्रस्त हैं तथा 185 मिलियन लोगों में एलडीएल या 'खराब' कोलेस्ट्रॉल का स्तर उच्च है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा शारीरिक निष्क्रियता एशिया-प्रशांत क्षेत्र (48 प्रतिशत) और दक्षिण एशिया (45 प्रतिशत) सामने आई है. अन्य क्षेत्रों में निष्क्रियता का स्तर पश्चिमी देशों में 28 प्रतिशत से लेकर 14 प्रतिशत तक है। रिसर्चर्स का अनुमान है कि यदि ऐसे ही हालात बने रहे तो वो दिन दूर नहीं जब वर्ष 2030 तक करीब 60 प्रतिशत एडल्ट फिजिकली अनफिट हो जाएंगे। रिसर्च में ये भी सामने आया है कि 60 साल की उम्र के महिलाएं और पुरुष शारीरिक गतिविधियों में कम एक्टिव हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2019 में ब्लूमबर्ग हेल्थ इंडेक्स के अनुसार विश्व के दस सबसे स्वस्थ देशों में क्रमशः स्पेन, इटली, आइसलैंड, जापान, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, नार्वे और इजरायल शामिल थे। ग्लोबल हेल्थ सेक्युरिटी इंडेक्स 2021 के अनुसार विश्व में सबसे ज्यादा स्वस्थ देशों में क्रमशः यूनाइटेड स्टेट्स, आस्ट्रेलिया, फिनलैंड, कनाडा, थाइलैंड, स्लोवेनिया,यूके, जर्मनी, दक्षिण कोरिया और स्वीडन शामिल थे। वास्तव में, मनुष्य की स्वस्थता जीवन प्रत्याशा, अस्पतालों की गुणवत्ता, पर्यावरण, भोजन की पौष्टिकता-पौषकता, जीवनशैली आदि तथ्यों पर निर्भर करती है। अतः इन सब पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए। आज भारतीयों का ध्यान योगा, एक्सरसाइज, प्राणायाम, मेडिटेशन पर कम है, भले ही हम योग दिवस मना रहे हैं। हमने दुनिया को योग दिया, लेकिन वास्तव में जितना ध्यान हमें अपने स्वास्थ्य को लेकर देना चाहिए, उतना हम दे नहीं पा रहे हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 1948 के संविधान में स्वास्थ्य को 'पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति के रूप में' आज हमारी जीवनशैली बदल चुकी है और इसने हमारे स्वास्थ्य को काफी हद तक प्रभावित किया है। यही कारण है कि आज विशेष रूप से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, मोटापा, चयापचय सिंड्रोम, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और कुछ प्रकार के कैंसर हो रहे हैं। हम हमारी फिजिकल फिटनेस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। भागम-भाग भरी जिंदगी में हमारे पास स्वयं के लिए समय नहीं बचा है। आज हमारा ध्यान स्क्रीन टाइम पर ज्यादा है बजाय एक्सरसाइज के। हालांकि, हमारे देश के प्रधानमंत्री ने साल 2019 में 29 अगस्त को इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'फिट इंडिया कैंपेन' भी लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य फिटनेस को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना था, लेकिन हम दैनिक कामकाज में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना ही भूल जाते हैं। यह विडंबना ही है कि स्वस्थ जीवनशैली के अनेक लाभों के बावजूद, वयस्कों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही ऐसी दिनचर्या का पालन करता है। वास्तव में, संख्या लगातार घट रही है। यह विडंबना ही है कि स्वास्थ्य और जीवनशैली के बीच संबंध के बारे में लोगों में आज बहुत कम जागरूकता है। बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि जीवनशैली में बदलाव पुरानी बीमारियों के उभरने में एक महत्वपूर्ण कारक है जो रुग्णता और मृत्यु दर में वृद्धि का कारण बनता है। कहना गलत नहीं होगा कि ' एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है।' यदि हमारे देशवासी स्वस्थ होंगे तो वे बेहतर सोचेंगे, एक अच्छा वातावरण बनेगा और देश भी विकास के पथ पर तेजी से चल सकेगा। हमें यह चाहिए कि हम अपनी जीवनशैली में योग, ध्यान, फ्री हैंड एक्सरसाइज, प्राणायाम, श्वास व्यायाम, सूर्य नमस्कार, चलना, दौड़ना, एरोबिक्स, जॉगिंग, नृत्य और खेल आदि को शामिल करें। आज हमारे देश में शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की तत्काल आवश्यकता है।बदलते रहन-सहन और खानपान से बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति लगातार आगाह किया जाता रहा है, लेकिन हम इस ओर ध्यान नहीं देते। आज बदलती जीवनशैली जान पर भारी पड़ रही है। इसके बावजूद सबक लेने को तैयार नहीं। प्रतिस्पर्धी दौर में सब एक-दूसरे से आगे निकलने की दौड़ में जुटे हैं। दरअसल, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर अधिक समय बिताना, बाहर का खाना विशेषकर ह्यजंक फूडह्न पर निर्भरता, देर रात सोना और सुबह देर से जागना, पारिवारिक अलगाव, एकाकीपन जैसी समस्याएं आज आम हो गई हैं। इन कारणों से तनाव, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अंत में यही कहूंगा कि शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की चुनौती लोगों के साथ-साथ सरकारों की भी जिम्मेदारी है। आज स्वास्थ्य, खेल व शिक्षा के बीच समन्वय की आवश्यकता है।

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।**
**मोबाइल 9828108858**

# पुराना रवैया वापस होने के खतरे

**- अरविन्द मोहन**

यह चुनाव भाजपा की सीटें कम होने या विपक्ष की सीटें बढ़ना और संसद में काफी समय बाद विपक्ष के ताकतवर बनने(जिसको लेकर बात-बात में टकराव और कामकाज बाधित होने की आशंका प्रबल हुई है) भर का नतीजा या जनादेश लेकर नहीं आया है। यह सत्ता, साधन और दिन-रात के प्रबंधन, जिसमें मीडिया से लेकर हर बारीक चीज का ध्यान रखा गया था। आम तौर पर सत्ता पक्ष और कई बार विपक्ष के लिए भी चुनावी जनादेश लड्डु या झाड़ू की तरह का होता है लेकिन सामान्य रूप से मतदाता बहुत बारीक निर्णय देता है। लोकतंत्र असल में बारीकी का ही खेल है और साम्यवाद की तरह लमार समानता, तानाशाही या बादशाहत की जगह यह दुनिया भर में सफल होता गया है तो उसकी यह बारीकी ही असली चीज है। और इसे 365 दिन और चौबीस घंटे राजनीति करने वाले राजनेता न समझ सके तो यह स्थिति चिंता की है। अठारहवीं लोकसभा के लिए हुए हाल के चुनाव से आए जनादेश के मामले में ऐसा ही लगता है। चुनाव नतीजे आने और भाजपा को उसके दावे या उम्मीद से काफी नीचे तथा विपक्ष को कई राज्यों में उम्मीद से ज्यादा मिली सफलता के तत्काल बाद तो पक्ष और विपक्ष, दोनों के हाव-भाव से यह लग रहा था कि दोनों ने मतदाताओं के संदेश को ठीक से ग्रहण किया है। प्रधानमंत्री और भाजपा को अचानक एनडीए प्रिय हो गया, वे कई बार नजर चुराते भी लगे तो उनके दरबार के सबसे ताकतवर बताए जाने वाले अमित शाह को 'छुपाना' शुरू कर दिया गया। मोदी जी अपने फोटो के फ्रेम में नीतीश और चंद्रबाबू ही नहीं प्रफुल्ल पटेल और ललन सिंह जैसों को भी आने दे रहे थे। विपक्ष तो न जीतकर भी जीतने से ज्यादा उछल रहा था। विपक्षी उत्साह बरकरार है लेकिन मोदी जी के रंग-ढंग पुराने लगने लगे हैं। मंत्रिमंडल के गठन से लेकर विभागों के बंटवारे या मोहन भागवत और इंद्रेश कुमार जैसों की बात का जबाब ही नहीं नीट घोटाले में मुंह न खोलने से भी यह रंग दिखने लगा था। लेकिन नई लोक सभा के पहले दिन उन्होंने जिस तरह विपक्ष पर हमला किया, उसके संविधान प्रेम को नाटक बताया और पचास साल पहले लगे आपातकाल के मुद्दे से कांग्रेस को घेरने का प्रयास किया वह साफ संकेत था कि वे जनादेश को बहुत साफ ढंग से अपने हक में मानते हैं, अपनी जीत को ऐतिहासिक और अपूर्व मानते है। अपने सांसदों की संख्या घटना, सहयोगी दलों पर निर्भरता और विपक्ष की बढ़ी ताकत से उनके मन पर कोई असर नहीं पड़ा है। वे अपने रंग से सरकार और राजनीति चलाने के मूड में हैं और हाल-फिलहाल वे नई स्थितियों अर्थात चुनाव से निकले जनादेश की कम से कम परवाह करने वाले हैं। विपक्ष की ताकत बढ़ी भले हो लेकिन अभी भी उसकी एकता ही नहीं कार्यक्रम और नजरिए का असमंजस प्रधानमंत्री को ताकत दे रहा है। और जो व्यवहार उन्होंने नतीजे आने के बीस दिन में ही दिखाने शुरू किए हैं उससे लगता है कि उनकी तरफ से पिछला रवैया ही जारी रहेगा-अर्थात चौबीसों घंटे चुनावी चिंतन और तैयारी, हर काम का उद्देश्य चुनाव जीतना और इसमें विपक्ष को हड़पने और निगलने की जरूरत लगे तो उससे भी परहेज नहीं। यह चुनाव भाजपा की सीटें कम होने या विपक्ष की सीटें बढ़ना और संसद में काफी समय बाद विपक्ष के ताकतवर बनने(जिसको लेकर बात-बात में टकराव और कामकाज बाधित होने की आशंका प्रबल हुई है) भर का नतीजा या जनादेश लेकर नहीं आया है। यह सत्ता, साधन और दिन-रात के प्रबंधन, जिसमें मीडिया से लेकर हर बारीक चीज का ध्यान रखा गया था, के खिलाफ आम आदमी की नाराजगी की अभिव्यक्ति का था। मोदी की सत्ता और अमित शाह के प्रबंधन से कांग्रेस या सपा नहीं लड़ी, लोगों का गुस्सा चैनलाइज्ड होकर उनके पक्ष में गया। हल्का संगठित विरोध सिर्फ तमिलनाडु और बंगाल जैसे राज्यों में दिखा। यह प्रबंधन, साधन और सत्ता के सहारे चुनाव जीतने के भ्रम का टूटना भी था। और यह कहने में हर्ज नहीं है कि अगर भाजपा की तरफ से एक-एक सीट के लिए इतनी चौकसी न रहती, इतना साधन न लगता और सत्ता का इतना खुला दुरुपयोग न होता तो उसे कम से कम पचास और सीटें कम मिलतीं। साधन भी एलेक्ट्रोरल बांड जैसे उपायों से किस तरह जुटाए गए और ईडी-सीबीआई वगैरह के दुरुपयोग हो रहा है यह देश ने बहुत साफ देखा। इन कदमों ने भले तत्काल मदद कर दी हो लेकिन लोगों का गुस्सा इनकी वजह से भी बढ़ा।

# लोकतंत्र और बेचारा बुद्धू बक्सा

**@ राकेश अचल**

मुझे इस बात पर सख्त ऐतराज है कि कांग्रेस भी भाजपा की तरह ' केमराप्रेमी ' होती जा रही है। कांग्रेस भूल जाती है की मोदी युग में चाहे संवैधानिक संस्थाएं हों या सरकारी कैमरे, केवल और केवल एक चेहरे को पहचानते है। उस चेहरे को जो अविनाशी है। अजेय है। अनंत है। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सरकारी कैमरे ने किसका चेहरा कितनी बार दिखाया, ये कोई मुद्दा नहीं हो सकता। कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि कैमरा उसके नेता की और नहीं ताकता। इसके लिए अभी कांग्रेस को लम्बी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

दरअसल देश को 'कैमराजीवी' प्रधानमंत्री 2014 में पहली मर्तबा मिला था। उसे हंसना, रोना, गाना, अभिनय करना सभी कुछ आता है। उसके पास स्वर्गवासी जय ललिता कि तरह सतरंगे परिधानों, जूतों-चप्पलों और सैंडिलों का अक्षय भण्डार है। ये सारी चीजे ही एक कैमरे की जरूरत होतीं हैं, भले ही फिर कैमरा सरकारी हो या गैर- सरकारी। चूंकि मै लम्बे आरसे तक कैमरे से बाबस्ता रहा हू, इसलिए कैमरे के बारे में कांग्रेस से ज्यादा जानता हूँ। मुझे पता है कि कैमरे को कौन से रंग और फ्रेम पसंद हैं और कौन से नहीं ? कौन सी प्रकाश व्यवस्था में कैमरा अच्छे परिणाम देता है और कौन से में नही ? मै जानता हूँ कि कैमरे के लिए कौन सा कौण सबसे अच्छा होता है और कौन सा नहीं ? ये सब बातें आधी जिंदगी एक जींस पेण्ट और सफेद टीशर्ट पहनकर राजनीति करने वाले क्या जाने ?

पिछले दस साल में कैमरा ही नहीं और भी जितने संवैधनिएक इंस्ट्रूमेंट हैं वे सत्तोन्मुख हो गए हैं। इसमें बुराई भी नहीं है। सूरज मुखी का पुष्प भी जिधर सूरज होता है उधर को मुंह करके खिलता है, फिर कैमरा तो कैमरा ठहरा। कैमरे और पालतू कुत्ते में ज्यादा फर्क नहीं होता, ये शायद कांग्रेस और कांग्रेस के नेताओं को पता नहीं है। विपक्ष के नए-नवेले नेता राहुल गांधी की तो शायद बिलकुल बह




पता नहीं हो! राहुल गांधी संसदीय अनुभव में भले माननीयों से ज्यादा वरिष्ठ हों लेकिन सत्तासुख भोगने में तो शून्य हैं। हमारे मित्र मेरी इस टिप्पणी पर भी उज्र कर सकते हैं, क्योंकि उनका दावा है कि राहुल गाँधी तो पैदा ही सोने-चाँदी की चम्मच मुंह में रखकर हुए थे। उनके दादी, दादी के पिता जी और खुद उनके पिता जी देश के प्रधानमंत्री रहे, इसलिए ऐसा कैसे हो सकता है की राहुल गाँधी ने सत्ता-सुख न भोगा हो ?

बात कैमरे की हो रही थी। कैमरा, केंचुआ और कुत्ते की राशि एक है, स्वभाव एक है। तीनों स्वामिभक्त होते हैं, इसलिए इन तीनों से किसी दूसरे को कोई अपेक्षा नहीं करना चाहिए। ये केवल अपने स्वामी की कमान [निर्देश ] स्वीकार करते हैं। पिछले दस साल से ये तीनों यही कर रहे हैं और अगले दस साल तक शायद ऐसा ही करें। कांग्रेस की इस आपत्ति पर मुझे आपत्ति है कि 'बुद्धू बक्से' के कैमरे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान माननीय को 75 बार और राहुल गांधी को सिर्फ 6 मर्तबा दिखाया। अरे बाबा माननीय का और बुद्धू बक्से का आभार मानिये, उसे थेंक्यू कहिये कि उसने आपको 6 मर्तबा तो दिखाया ! मान लीजिये यदि वो एक मर्तबा भी नहीं दिखाता तो आप क्या कर लेते ? माननीय राष्ट्रपति ने ही लोकसभा अध्यक्ष को उनके चुने जाने पर बधाई दी और आपको विपक्ष का नेता चुने जाने पर बधाई नहीं दी तो क्या आप राष्ट्रपति के खिलाफ महभियोग प्रस्ताव सदन में लेकर आएंगे ? शायद नहीं। इसलिए ये गिनती करना छोड़ दे कांग्रेस कि बुद्धू बक्से के कैमरे ने किस चेहरे को या किस दल को कितनी बार दिखाया।

लोकसभा और राज्य सभा के अंतरंग चित्रों को दिखाने का दायित्व बुद्धू बक्से पर है। वो ही गोदी मीडिया के बाकी के चैनलों को ये दृश्य प्रसाद की तरह बांटा है, इसलिए आप बुद्धू बक्से के साथ ही गोदी मीडिया पार भी छह बार ही दृष्टिगोचर होंगे। इससे ज्यादा दिखने का शौक है तो केवल दो बार ही भारत जोड़ो यात्रा क्यों की, दो चार और कर लेते ? सौ पार ही क्यों अटक गए ? चार सौ नहीं तो कम से कम दो सौ ही पार कर लेते ? लेकिन कांग्रेस ने ये सब नहीं किया। अब अरण्यरोदन से क्या लाभ ? कैमरे कांग्रेस पर, कांग्रेस के नेताओं पर रहम नहीं खाने वाले। रहम तो सरकार भी नहीं खाने वाली। सरकार भी आने वाले दिनों में एक फिर से 'आपरेशन लोटस', ऑपरेशन झाड़ू' और 'ऑपरेशन ईडी-सीबीआई' शुरू करने वाली है, कांग्रेसी और आईएनडीआईए के घटक दल यदि बच सकते हैं तो बचकर दिखाएँ, अन्यथा उनके लिए विभिन्न जेलों में जगह आरक्षित है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश को मै जाती तौर पर बहुत पसंद करता हूं क्योंकि वे दूसरे दलों के चीखने वाले नेताओं से अलग नजर आते है। रमेश जी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि जब राष्ट्रपति मुर्मू अभिभाषण दे रही थी तो उस वक्त पीएम मोदी को अधिक और राहुल गांधी को कम बार दिखाया गया। जय राम रमेश ने पोस्ट में लिखा- 51 मिनट के राष्ट्रपति के संबोधन में किसको कितनी बार दिखाया गया ? नेता सदन नरेंद्र मोदी -73 बार, प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी- 6 बार, सरकार- 108 बार, विपक्ष - 18 बार संसद टीवी सदन की कार्यवाही दिखाने के लिए कैमराजीवी की आत्ममुग्धता के लिए नहीं। मै हैरान हूँ कि रमेश भाई रष्ट्रपति का अभिभाषण सुन रहे थे या ये गिन रहे थे कि कैमरा कितनी बार, किसके चेहरे पर ठहरा ? वैसे ये काम भी कठिन है। अब वे इसके खिलाफ अदालत तो जा नहीं सकते, इसलिए मेरा मशविरा है कि यदि कांग्रेस के पास चुनाव बाद कुछ पैसे बचे हों तो वो अपने लिए कुछ कैमरे खरीद ले। या कोई न्यूज चैनल शुरू कर दे। क्योंकि सरकार और सरकारी चैनलों से तो कोई उम्मीद की नहीं जा सकती।

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश से बेहतर काम तो राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया। उन्होंने राष्ट्रपति जी का अभिभाषण दत्तचित्त होकर सुना और आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के, मोदी सरकार लिखित ह्नअभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से ह्यझूठ बुलवाकरह्न अपनी वाहवाही करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि देश की जनता उन्हें नकार चुकी है। इस मामले में, मै खरगे जी से इत्तफाक रखता हूं, क्योंकि मैंने भी उनकी तरह राष्ट्रपति जी का भाषण पूरे ध्यान से सुना। एक बार भी, एक पल के लिए भी टीवी के सामने से नहीं उठा। राष्ट्रपति जी ने हर बार 'मेरी सरकार' कहा। 'हमारी सरकार' नहीं। अब यव टीडीपी और जेडीयू वाले जाने कि इस सरकार में वे शामिल हैं या नहीं ? क्योंकि ये 'मेरी सरकार' है 'हमारी सरकार' नहीं। अब जो सरकार हमारी है ही नहीं उससे किसी को कोई उम्मीद करना ही क्यों चाहिए। पहले देश में हमारी सरकार बनिए, तब कोई बात कीजिये।

## कामगारों को लोक अदालत बाबत पम्पलेट बांटे



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से मिले एक्शन प्लान के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/जिला जज विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज श्रीमती नीलू मेनवाल के निर्देश पर श्रम आयुक्त कर्वी ने ट्राफिक चैराहा में श्रमिकों को कानूनी सेवाओं बाबत विधिक साक्षरता शिविर लगाया।

शुक्रवार को शिविर में श्रम विभाग के वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषता है कि कामगारों की भारी तादाद असंगठित क्षेत्र में काम कर रही है। असंगठित क्षेत्र में कामगारों की अधिक संख्या कृषि क्षेत्र में कार्य कर रही है। बड़े क्षेत्र में निर्माण, लघु उद्योग, ठेकेदारों के बड़े उद्योगों में कामगार, घरेलू कामगार, जंगलों की पैदावार पर निर्भर कामगार व मछली पालन आदि स्वतः रोजगार शामिल हैं।

पैरालीगल वालेण्टियर अरविन्द कुमार, रामसागर ने 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार व विधिक जानकारी बाबत पम्पलेट बांटे।

## सर्पदंश से पूर्व प्रधान के भाई की हुई मृत्यु

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के मडैयन गांव के पूर्व प्रधान रामसुहावन पटेल के चचेरे भाई प्रसाद पटेल को शुक्रवार को अपरान्ह एक बजे विषैले सर्प ने डस लिया। जिला अस्पताल में इलाज दौरान उनके दम तोडने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। शनिवार को उनका अन्तिम संस्कार होगा।

## श्रद्धालुओं की बुलेरो टकराई, आठ घायल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लालापुर असावर देवी मन्दिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बुलेरो का ब्रेक फेल होने से पहाड से उतरते समय बुलेरो एक खोखे से टकरा गई। इससे बुलेरो सवार आठ लोग घायल हो गये।

ये हादसा शुक्रवार की शाम साढे चार बजे हुआ। बताया गया कि असावर माता के दर्शन कर बुलेरो से लौट रहे श्रद्धालुओं की बुलेरो पहाड से उतरते समय बन्द खोखे से टकरा कर पेड से सट गई। बुलेरो में बैठे सभी घायल सेमरदहा गांव के चंद्रपाल पुत्र बाबूलाल, राजा सिंह पुत्र लालसिंह, राममिलन, सुमन, गीता, ननकी, सोनम, लल्लू व खोखे के पास बैठे महन्त देवदास घायल हो गये। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है। मौके पर यातायात व शांति व्यवस्था में कोई व्यवधान नहीं है।

## नाली निर्माण की राह दे रहा छिवलहा का प्राचीन हनुमान मंदिर



अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील के छिवलहा गावं में प्राचीन हनुमान मंदिर नाली बनने की राह देख रहा है। कई वर्षो से नाली का पानी मंदिर के सामने बह रहा है। ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को आवागमन में समस्या होती हैं। लोगों ने प्रधान पर कार्यों में उपेक्षा का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान गांव के कार्यों में हीलाहवाली करता है। कई कार्यों में धांधली की है। जांच में खुलासा हो सकता है। प्रधान ने मन्दिर के सामने नाली बनवाने की जरूरत नहीं समझी। समस्या निस्तारण में प्रधान पल्ला झाड लेता है। हनुमान मंदिर के पास नाली निर्माण न होने से जलभराव रहता है। श्रद्धालुओं को मन्दिर तक जाने में भारी परेशानी होती है। लोगों की श्रद्धा भी प्रभावित होती है। इस बारे में प्रधान देवस्वरूप ने कहा कि स्टीमेट बना है। बीडीओ मऊ मंजूरी नहीं दे रहे। शासन के निर्देश है कि अधिकारी फोन कॉल उठाये व जवाब दे। बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा शासन के निदेर्शों को दरकिनार कर फोन नहीं उठाते।

## थानाध्यक्ष जल्द निस्तारित करें लोगों की समस्यायें : एसपी



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में फरियादियों की शिकायत सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के समक्ष फरियादियों ने विभिन्न शिकायतें की। शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिला बाबत शिकायतों का निस्तारण तत्काल प्रभाव से किया जाये। जमीन संबंधी मामलों में राजस्व टीम को मौके पर ले जाकर मामले का निस्तारण करायें। निस्तारण में कोई पक्षपात नहीं होना चाहिए। निष्पक्ष होकर लोगों की समस्या का निस्तारण करें।

# चार साल से आवास पाने को भटक रही दलित युवती

## डबल इंजन सरकार के आवास की खोली पोल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक के तौरा गांव की पूनम देवी पुत्री हीरालाल ने डबल इंजन सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के हकीकत की पोल खोली है। पूनम देवी ने विभिन्न तिथियों में चार बार जनसुनवाई पोर्टल व चार बार बीडीओ पहाडी को दिये पत्र में कहा है कि लाभार्थियों की सूची में नाम दर्ज होने के बाद भी उसे आवास नहीं मिला।

ये खुलासा शुक्रवार को पहाडी ब्लाक के तौरा गांव की पूनम देवी पुत्री हीरालाल ने किया है। पीडिता ने कहा कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास की पात्र है। 2021 से आवास पाने को शासन-प्रशासन से लगातार आवेदन कर रही है। जवाब में एक ही बात कही जा रही है कि भविष्य में आवास आनलाइन साइट खुलने पर कार्यवाही की जायेगी। उसका नाम लाभार्थियों की एक्सल सूची 588 में दर्ज है। तीन साल गुजरने के बाद भी आवास प्लस की साइड नहीं खुली। जबकि शासन-प्रशासन रोज ढिंढोरा पीट रहा है कि लाभार्थियों को आवास दे दिये गये हैं। आवेदिका के अनुसूचित जाति के होने से शासन-प्रशासन उत्पीडन कर रहा है। पीडिता ने मांग किया कि आवास योजना का लाभ दिया जाये। 2021 से बन्द आनलाइन साइट खोलने की कृपा की जाये।

## बीडीओ ने डीएम को किया गुमराह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक के बीडीओ ने जनसुनवाई की जांच में जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि शिकायतकर्ता पूनम देवी तौरा ने आवास की मांग की है। ग्राम विकास अधिकारी कमलेश सिंह ने शिकायत की जांच की है। जांच आख्या में कहा है कि मौके के निरीक्षण में लाभार्थी आवास की पात्र है। उसका नाम आवास प्लस की सूची में दर्ज नहीं है। आवास प्लस की साइट मौजूदा समय में बन्द है। भविष्य में आवास प्लस की साइट खुलने पर नाम शामिल कर आवास देने की कार्यवाही की जायेगी।

## अराजकता फैलाने वालों पर होगी कडी कार्यवाही : एसएचओ



अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने का कार्यभार नये थानाध्यक्ष विनोद कुमार राय ने ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुसार कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

गुरुवार की शाम कार्यभार ग्रहण करने के बाद थानाध्यक्ष विनोद कुमार राय ने कहा कि महिला उत्पीड़न करने वालों पर कडी कार्यवाही होगी। क्षेत्र में मादक पदार्थ का कारोबार करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्र की जनता से अपील किया कि भयमुक्त होकर कोई भी समस्या पुलिस को बतायें। समस्या सुनकर कानूनी मदद की जायेगी। शिकायत लेकर थाने आने वाले सीधे उनसे मिलें। तत्काल निदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अराजकतत्वों पर कडी नजर रखी जायेगी। अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने व्यापारियों से अपील किया कि अपनी-अपनी दुकानों के सामने सीसीटीवी कैमरा लगवायें, ताकि आकस्मिक घटना पर तत्काल कार्यवाही की जा सके। एंटी रोमियो टीमों को निर्देश दिये कि संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं व स्कूल-कॉलेजों में जाने वाली छात्राओं को जागरूक करें, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। भयमुक्त माहौल बनाने को प्रतिदिन शाम को भ्रमण किया जायेगा। सक्रिय पुलिसिंग से क्षेत्र में अराजकतत्वों पर खौफ कायम है। पुलिस व जनता के बीच संवाद स्थापित करने के प्रयास किये जायेंगे।

## दम्पति के विवाद को पुलिस ने सुलझाया



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र ने आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई।

शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के शंकरगंज मोहल्ले की श्रीमती अभिलाषा पुत्री दद्दी ने पति सुशील पुत्र प्रीतम कर्वी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि ससुरालीजन मारपीट, गाली-गलौज व दहेज को लेकर प्रताडित करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही मंजूलता ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही।

## मऊ में जल संस्थान फेल, बूंद-बूंद पानी को लोग परेशान, टैंकर से पेयजल आपूर्ति हुई



अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ में जल संस्थान की पाइपलाइन से कई दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही। नल ठूंठ बनकर रह गये हैं। लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अटल नगर के वाशिंदे बूंद- बूंद पानी को भटक रहे हैं। हैंडपंप-कुआ जवाब देने के कगार पर आ गये हैं।

शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जल संस्थान कर्मियों का बर्ताव जनता से सही नहीं है। अटल नगर के अंकित त्यौंथा ने कहा कि जल संस्थान मऊ के लिपिक राजवीर सिंह का फोन रात साढे आठ बजे तक बंद रहता है। दिन में आठ बजे के बाद खुलता है। जो कर्मचारी पानी चालू करते हैं, फोन पर जवाब मिलता है कि पानी चालू है। पानी की एक बूंद भी नल में नहीं आती। राजवीर से बात करने पर कहते हैं कि लाइट नहीं थी, टंकी लोड नही थी- बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेता है। जल संस्थान की लापरवाही से लोग खासे परेशान हैं। लोगों ने कहा कि कर्मचारी दिलासा न दें। कम से कम सही जानकारी तो दें। अटल नगर के राजा मिश्रा ने कहा कि पानी न आने के कारण कल देर रात नगर पंचायत मऊ में टैंकर से जलापूर्ति की गई, तब लोगों के घरों में दैनिक कार्य शुरू हो सके। इस दशा में पानी की समस्या दिन ब दिन विकराल होती जा रही है।

## उप्र में सक्रिय हो रहा दक्षिण पश्चिम मानसून, बारिश से गिर रहा तापमान

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में अबकी बार मानसून देरी कर रहा है और मानसून की पूर्वी सीमा तो अभी तक उत्तर प्रदेश नहीं पहुंच सकी है। हालांकि दक्षिण पश्चिम मानसून की सीमा बुन्देलखण्ड के रास्ते प्रदेश में प्रवेश कर गई है और बारिश हो रही है जिससे तापमान में गिरावट आ गई है। गुरुवार को तो कानपुर में तापमान सामान्य से दो डिग्री नीचे पहुंच गया, लेकिन उमस भरी गर्मी बरकरार है। मौसम विभाग का कहना है कि एक दो दिन में मानसून की पूर्वी सीमा भी उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर जाएगी, जिसके बाद झमाझम बारिश पूरे उत्तर प्रदेश में शुरू हो जाएगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि मानसून की उत्तरी सीमा वेरावल, राजपीपला, उज्जैन, विदिशा, सिद्धि, चाईबासा, हल्दिया, पाकुड़, साहिबगंज, और रक्सौल से होकर गुजर रही है। उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अब अनुकूल हैं। उत्तर पश्चिम राजस्थान पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। अगले 24 घंटों के दौरान केरल, तटीय कर्नाटक, कोंकण और गोवा और गुजरात के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश सम्भव है। तटीय आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के कुछ हिस्सों और उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 35.2 और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## परेड की सलामी लेकर एसपी ने दिये निर्देश




अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण दौरान अधिकारी-कर्मचारियों का टर्न आउट देखा।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने परेड ग्राउण्ड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। ड्रिल में सुधार के प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा, आवासीय परिसर, मेस का भ्रमण कर भोजन को साफ-सफाई से बनवाने के प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल व अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## आज मनेगी भामाशाह की जयंती

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम ने बताया कि 29 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई जायेगी।

## ठेकेदार ने अमृत सरोवर की लाखों की मिट्टी बेंची , ठेकेदार पर हो कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अमृत सरोवर निर्माण कार्य में ठेकेदार व जिम्मेदार लोग मनमानी कर रहे हैं। अमृत सरोवर की मिट्टी को मनमानी ढंग से बेंच रहे हैं। लाखों रुपये की मिट्टी बेंची गई है। ईओ नगर पालिका लालजी यादव अनजान बन रहे हैं।

शुक्रवार को नगर पालिका कर्वी के रानीपुर भट्ट के अमृत सरोवर तालाब की मिट्टी बेंची जा रही है। इसका ठेका नगर पालिका के चहेते ठेकेदार को दिया है। ठेकेदार अध्यक्ष का नजदीकी बताया गया है। निर्माण कार्य कराने वाला ठेकेदार अमृत सरोवर की मिट्टी की खोदाई करा रहा है। ठेकेदार शहर के नामचीन ढाबे का मालिक है। अपने रसूख-दबदबे से ठेकेदार अमृत सरोवर की खोदाई कार्य में जमकर धांधली कर रहा है। बेडीपुलिया सीतापुर सम्पर्क मार्ग किनारे रानीपुर भट्ट अब नगर पालिका क्षेत्र के अमृत सरोवर में ये गोरखधंधा हो रहा है। जिला प्रशासन अमृत सरोवर निर्माण कार्य में धांधली करने वाले ठेकेदार व जिम्मेदारों पर जांच कराकर कब कार्यवाही करेगा।

## गरीब किसानों को लूट रहा एक्सईएन आफिस में तैनात लिपिक , सात साल से आकांक्षी जिले में कैसे तैनात है एक पटल पर लिपिक?

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विद्युत विभाग वितरण खंड कर्वी चित्रकूट में सात साल से तैनात ड्राफ्ट मैन संतोष कुमार पर भाजपा नेता हीरो मिश्रा ने आरोप लगाया कि पद की अर्हता पूरी न करने के बाद भी पद पर बने हैं। पूर्व में कुली श्रमिक पद पर एसडीओ कार्यालय में तैनात संतोष कुमार ने जुगाड से डिवीजन में मलाईदार कुर्सी पर बैठ गया है। शुक्रवार को विद्युत विभाग के लिपिक के कारनामों का खुलासा हुआ। बताया गया कि एक्सईएन के सामने बैठकर गरीब-किसानों का खून चूस रहा है। बोरवेल में दस हजार रुपये रिश्वत लेता है। न देने पर सवेरे आने वाले शाम तक महिला-बुजुर्गों को भूखे-प्यासे बैठा रखता है। टीसी रजिस्टर 2019 से 2021 तक की जांच की जाये तो इसकी नौकरी जाने में देर नही लगेगी।

उपभोक्ताओं की शिकायतों पर अधीक्षण अभियंता ने टीसी रजिस्टर जांच में खुलासा किया था। इसने ले-देकर मामले को रफा-दफा कर दिया है। सात साल से इसी कुर्सी पर जमा हैं, जबकि आकांक्षी जिले में तीन साल से ज्यादा एक पटल पर कर्मचारियों के तैनात रहने पर पाबंदी है। योगी सरकार की जीरो टालरेस नीति को ताक में रखकर लूटने में मस्त है। इसकी चल-अचल संपत्ति की जांच कर ली जाये तो यूपी-एमपी में आधा दर्जन प्लाट हैं। पूर्वान्ह ग्यारह बजे कार्यालय आता है। दो घंटे में लूट-खसोट कर जिले के वीआईपी होटल में मौज मारता है। सवेरे से आये ग्रामीण क्षेत्रों से महिलायें व बुजुर्गों को शाम तक सरकारी काम का हवाला देकर बैठा रखता है। शासन की नीति अनुसार सात साल से एक ही पटल पर कार्य करने पर लोगों ने सवाल उठाये हैं। इसके साथ दो और लिपिक एक्सईएन आफिस में लूट- खसोट में लिप्त हैं। सभी की उच्च स्तरीय जांच करवाने को लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखे हैं।

## उप्र में विटामिन ए सम्पूरण अभियान शुरू, 2 .58 करोड़ बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का अभियान 26 जून से शुरू हो गया है। यह अभियान 25 जुलाई तक चलेगा। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि बच्चों को कुपोषण सहित अन्य बीमारियों से बचाना हमारी प्राथमिकता है और इसी क्रम में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम एक पहल है।

## गृहमंत्री बनने के बाद लामिछाने ने खुद को निर्दोष साबित करने के लिए नेपाल पुलिस को लिखा था पत्र

**काठमांडू।** सहकारी बैंक घोटालों में फंसे उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने ने अपने पद और पावर का दुरुपयोग करके खुद को निर्दोष साबित कराने के लिए पुलिस पर दबाव बनाया था। इस बात का खुलासा सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पेश किये गए एक पत्र से हुआ है।

दरअसल, सहकारी घोटाले में फंसे गृहमंत्री को पदमुक्त किए जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक ऐसा पत्र पेश किया गया, जिससे खुलासा होता है कि रवि लामिछाने ने दोबारा गृहमंत्री बनने के बाद अपने आपको निर्दोष साबित करने के लिए कास्की जिला पुलिस को पत्र लिखकर दबाब डाला था।सुनवाई के दौरान रवि लामिछाने के वकील की तरफ से अदालत में एक पत्र सौंपा गया, जिसमें पोखरा के सुप्रीम घोटाले में रवि लामिछाने की कोई भूमिका नहीं रहने और उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं होने की बात उल्लेख है।

इस पत्र को देखने के साथ ही रिट दायर करने वाले वकीलों ने इसकी सत्यता और वैधता पर सवाल खड़ा किया। विपक्षी वकीलों का कहना है कि यह पत्र जिस तारीख में लिखा गया है, उस समय रवि लामिछाने ने दोबारा गृहमंत्री का पदभार संभाल लिया था। विपक्षी वकीलों ने कहा कि गृहमंत्री के दबाब में ही उनको निर्दोष साबित करने के लिए यह पत्र लिखवाया गया है।

लामिछाने के विरोध में वकीलों ने यह भी तर्क दिया है कि सरकारी पक्ष का यह दावा भी सरासर गलत है कि उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं है। विपक्षी वकीलों ने पोखरा के अलावा बुवल, भैरहवा और काठमांडू के पुलिस स्टेशनों में सहकारी बैंक घोटाला के पीड़ितों ने लामिछाने का सबसे ऊपर नाम लिखवा कर एफआईआर दर्ज कराई है। वकीलों ने उन एफआईआर की कॉपी भी अदालत में जमा करवाई है।


## चीन बीआरआई पर नेपाल से फिर खाली हाथ लौटा

**काठमांडू।** आखिरकार चीन को उसकी महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) पर नेपाल से फिर खाली हाथ लौटना पड़ा। दरअसल नेपाल ने इस परियोजना के कार्यान्वयन समझौते में दो शर्तें जोड़कर चीन को तगड़ा झटका दिया है।

नेपाल में तीन दिन बिताने के बाद चीन के उप विदेशमंत्री सुन वेईदोंग बीजिंग पहुंच गए। वह समझौते पर नेपाल के हस्ताक्षर कराने में विफल रहे। नेपाल ने मई 2017 में इस परियोजना पर हस्ताक्षर किए थे। तब से अब तक बीआरआई का एक भी काम आगे नहीं बढ़ पाया है। चीन इसके लिए नेपाल पर लगातार दबाब बना रहा था।

चीन के उप विदेशमंत्री सुन वेईदोंग ने काठमांडू में नेपाल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विदेशमंत्री से भी मुलाकात की। इस दौरान नेपाल ने अपने रुख में कोई नरमी नहीं दिखाई। नेपाल के विदेशमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि नेपाल चीन के सामने दो शर्त रखी हैं। पहली-बीआरआई का कोई भी बड़ा ऋण नेपाल नहीं लेगा। सिर्फ छोटे प्रोजेक्ट के लिए ही आर्थिक सहयोग लेगा। दूसरी शर्त- ऋण की ब्याज दर 0.5 प्रतिशत से अधिक न हो। कर्ज चुकाने की अवधि 15 वर्ष से बढ़ाकर 25 वर्ष की जाए।

## इजरायल पर लेबनान से दागे गए 35 रॉकेट, कोई जनहानि नहीं



**यरूशलेमः** इजराइली सेना ने एक बयान में कहा है कि लेबनान से लगभग 35 रॉकेट और मिसाइल उत्तरी इजराइल के सफेद शहर पर दागे गए, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा है. इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) की हवाई रक्षा प्रणाली ने अधिकांश मिसाइलों को सफलतापूर्वक रोक दिया.

देश की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के अनुसार, किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है. मेरोम हागलिल क्षेत्रीय परिषद ने एक बयान में कहा कि एक मिसाइल एक घर पर गिरा. अग्निशमन और बचाव प्राधिकरण ने बताया कि कई जगहों पर आग लग गई और बिजली गुल होने के कारण लोग लिफ्ट में फंस गए.

इस बीच, न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान के नबातिह शहर और पूर्वी लेबनान के सोहमोर शहर पर एक दिन पहले हुए इजरायली हमलों के जवाब में सफेद में इजरायली हवाई अड्डे पर रॉकेट से हमला किया है. लेबनानी सैन्य सूत्रों ने समाचार एजेंसी को बताया कि कुछ रॉकेटों को इजरायली आयरन डोम की ओर से रोक दिया गया । हिजबुल्लाह के ताजा हमले इजरायल-लेबनान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच हुए. इजरायल ने चेतावनी दी थी कि वह हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला करने के लिए तैयार है. एक अलग बयान में, आईडीएफ ने कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने गुरुवार को दक्षिणी लेबनान के राम्याह गांव में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचे पर हमला किया.

बयान में कहा गया कि अत तिरी गांव में हिजबुल्लाह के दो गुर्गों को मार गिराया. अज्ञात लेबनानी सैन्य सूत्रों ने सिन्हुआ को पुष्टि की कि रम्याह और हद्दाथा पर दो इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए और एक घायल हो गया. 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# FATF ने आतंकवाद की फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के लिए भारत के प्रयासों को सराहा



**नई दिल्ली :** भारत ने फाइनेंसियल एक्शन टास्क फोर्स (ऋअळऋ) की आवश्यकताओं के अनुरूप एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (अटछ), आतंकियों की फाइनेंसिंग रोकने (उऋळ) और बड़े विनाशक हथियारों के प्रसार रोकने में तकनीकी अनुपालन का सराहनीय स्तर हासिल किया है और इससे सकारात्मक परिणाम मिले हैं. एफएटीएफ की ओर से यह जानकारी दी गई है.

2023-24 में एफएटीएफ द्वारा किए गए पारस्परिक मूल्यांकन में भारत को बड़ी सफलता मिली है. 26 जून से लेकर 28 जून के बीच हुई एफएटीएफ की पूर्ण बैठक में म्यूचुअल इवैल्यूएशन ऑफ इंडिया को अपनाया गया है. भारत को 'रेगुलर फॉलो-अप' में रखा गया है. यह उपलब्धि जी20 के केवल 4 अन्य देशों के पास है. भारत की यह उपलब्धि मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फाइनेंसिंग रोकने के उसके प्रयासों को दिखाती है.

एफएटीएफ की ओर से भारत के प्रयासों की कई क्षेत्रों में मान्यता दी गई है. भारत ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फाइनेंसिंग के खतरे की पहचान की है. इसमें भ्रष्टाचार, जालसाजी और संगठित अपराध आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है. मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फाइनेंसिंग रोकने के लिए अर्थव्यवस्था को नकद से डिजिटल की ओर शिफ्ट किया गया है. सरकार ने जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल) को अच्छे से लागू किया है. साथ ही कैश को लेकर सख्त नियम बनाए हैं. इन प्रयासों के कारण वित्तीय सेवाओं और डिजिटल लेनदेन की पहुंच आखिरी व्यक्ति तक हुई है. इससे लेनदेन पर निगाह रखने में सफलता मिली है और मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फाइनेंसिंग को रोकने में मदद मिली. एफएटीएफ की रिपोर्ट में भारत के मजबूत प्रदर्शन से अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिलेगा. इससे रेटिंग पर सकारात्मक असर होगा.

ग्लोबल फाइनेंसियल मार्केट्स और संस्थाओं तक पहुंच बढ़ेगी और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा. इसके अलावा यूपीआई को वैश्विक स्तर पर ले जाने में भारत को सफलता मिलेगी. 2014 के बाद से भारत ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फाइनेंसिंग और गैरकानूनी फंड्स को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं. अपने प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया है और इसमें सफलता मिली है. सरकार ने आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करते हुए जरूरी एक्शन लिया है. फाइनेंसियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की स्थापना 1989 में की गई थी. यह अंतर सरकारी संगठन है, जो कि इंटरनेशनल फाइनेंसियल सिस्टम को मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद की फंडिंग और अन्य खतरों से बचाता है. भारत ने एफएटीएफ की सदस्यता 2010 में ली थी।

# ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए हो रही वोटिंग, मतदान से पहले दो कैंडीडेट्स ने नाम लिए वापस



**दुबईः** ईरान में आज राष्ट्रपति चुनाव हो रहे हैं. भारतीय समयानुसार वोटिंग सुबह 8 बजे शुरू हुई है. ये चुनाव इसलिए हो रहे हैं क्योंकि पिछले महीने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की विमान हादसे में मौत हो गई थी. वहीं, मतदान से पहले दो उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं. ये उम्मीदवार हैं आमिर हुसैन काजीजादेह हाशमी और तेहरान के मेयर अली रजा जकानी.

अब चुनावी मैदान में सिर्फ 4 कैंडीडेट ही रह गए हैं. जिनके नाम सईद जलीली, मोहम्मद बाकर कालीबाफ, मुस्तफा पोरमोहम्मदी और मसूद पेजेशकियान हैं. मतदाताओं को इस चुनाव में कट्टरपंथी उम्मीदवारों और ऐसे राजनेताओं के बीच चयन करना है, जो ईरान के सुधारवादी आंदोलन से संबंधित हैं. ईरान में राष्ट्रपति चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब गाजा पट्टी में इजरायल-हमास युद्ध को लेकर मध्य पूर्व में व्यापक तनाव है. बता दें, अप्रैल में, ईरान ने गाजा में युद्ध को लेकर इजरायल पर अपना पहला सीधा हमला किया था.

**ईरान के सर्वोच्च नेता का पुराना रुख कायम**

बता दें, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई अभी भी अपने पुराने रुख पर कायम हैं. उनके नेतृत्व में वहां की महिलाओं या सरकार में कुछ भी बदलाव का आग्रह करने वाले शख्स को वोट नहीं देने की बात पर वहां का धर्मतंत्र अड़ा हुआ है. इसके बावजूद भी वह ईरानी लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट देने की अपील कर रहे हैं. इसके अलावा वे मसूद पेजेशकियन और उनके समर्थकों को अमेरिका पर विश्वास करने को लेकर एक चेतावनी भी दी है.

वहीं, विश्लेषकों का मानना ??है कि यह मुकाबला त्रिकोणीय है. इसमें दो कट्टरपंथी नेता पूर्व परमाणु वातार्कार सईद जलीली और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कलीबाफ शामिल हैं

**सुधारवादी कैंडीडेट पेजेशकियन ने किए कई वादे**

इस चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियन ने चुनावी प्रचार को लेकर यात्राएं की हैं. इस दौरान उन्होंने वहां की जनता से कई वादे भी किए. उन्होंने कहा कि आपका वादा कभी नहीं तोडूंगा यह कसम खाता हूं. वोटिंग से पहले पेजेशकियन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर चुनाव में हमारी जीत होती है तो सामाजिक अभाव को तत्काल समाप्त करेंगे और ईरान को आगे ले जाने की दिशा में काम करेंगे।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 जनवरी के कैपिटल हमले की जिम्मेदारी लेने से किया इनकार


**अटलांटा (अमेरिका):** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने 6 जनवरी को यूएस कैपिटल पर हुए हमले की कोई जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है. उन्होंने कहा कि उन्होंने उस दिन अपने भाषण से पहले 10,000 सैनिकों या नेशनल गार्ड की पेशकश की थी, लेकिन उसे ठुकरा दिया गया.

6 जनवरी, 2021 को दंगाइयों द्वारा यूएस कैपिटल पर हमला किए जाने पर उनके कार्यों और निष्क्रियताओं के बारे में पूछे जाने पर, ट्रंप ने गुरुवार रात (स्थानीय समय) को उठठ द्वारा आयोजित राष्ट्रपति पद की बहस के दौरान बाइडेन की आलोचना करने के लिए अन्य बिंदुओं का संकेत देकर सवाल को टालने की कोशिश की.

पूरी तरह से जवाबदेही से बचने या कैपिटल हिल पर विद्रोह का सामना करने पर ट्रम्प ने कहा कि '6 जनवरी को, हमारे पास एक शानदार सीमा थी, कोई भी नहीं आ रहा था - बहुत कम. 6 जनवरी को, हम ऊर्जा स्वतंत्र थे. 6 जनवरी को, हमारे पास अब तक के सबसे कम टैक्स थे, हमारे पास अब तक के सबसे कम नियम थे. 6 जनवरी को, पूरी दुनिया में हमारा सम्मान किया गया, और फिर वह अंदर आ गया.'

2021 में, ट्रम्प समर्थकों के एक समूह ने कई अमेरिकी राज्यों से 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणामों के प्रमाणीकरण का विरोध करने के लिए यूएस कैपिटल में प्रवेश किया, जिसके बारे में ट्रम्प ने दावा किया था कि वे धोखाधड़ी वाले थे. अमेरिकी अधिकारियों ने दंगों से संबंधित





आपराधिक अपराधों के लिए लगभग सभी 50 राज्यों में 725 से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है.

सीएनएन ने बताया कि इस बीच, बाइडेन ने बताया कि ट्रम्प ने लोगों से कैपिटल हिल जाने का आग्रह किया था और अपने उपराष्ट्रपति और कई अन्य रिपब्लिकन सहयोगियों द्वारा 'कुछ करने, इसे रोकने और इसे समाप्त करने की भीख मांगते हुए,' तीन घंटे बिताए थे, बल्कि, उन्होंने इन व्यक्तियों को उत्कृष्ट अमेरिकी देशभक्त के रूप में बात की.

बाइडेन ने कहा कि 'और अब, वह कहते हैं, अगर वह फिर से हार गए - वह इतने रोते हैं - तो खून-खराबा हो सकता है.'

गुरुवार रात बहस के दौरान ट्रम्प ने दावा किया कि उपद्रव के समय सदन की अध्यक्ष पेलोसी ने कथित तौर पर 10,000 नेशनल गार्ड के जवानों को मना कर दिया था. हालांकि, उनके दावों की पूर्व अमेरिकी सदन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने शीघ्र ही निंदा की.

सीएनएन के अनुसार, पेलोसी के प्रवक्ता इयान क्रैगर ने कहा कि 'अनेक स्वतंत्र तथ्य-जांचकताओं ने बार-बार पुष्टि की है कि स्पीकर पेलोसी ने 6 जनवरी को अपनी हत्या की योजना नहीं बनाई थी. सदन के अध्यक्ष कैपिटल कॉम्प्लेक्स की सुरक्षा के प्रभारी नहीं हैं - 6 जनवरी या सप्ताह के किसी अन्य दिन. चुने हुए, संदर्भ से बाहर के क्लिप और विद्रोह के भड़काने वाले की बेबुनियाद बकवास इस तथ्य को नहीं बदलती.।

## सर्बिया के जंगल में 11 नेपाली नागरिकों को बन्धक बनाकर रखने का खुलासा

**काठमांडू।** दक्षिणपूर्व यूरोपीय देश सर्बिया में एक सशस्त्र समूह द्वारा बंधक बनाए गए 11 नेपालियों को रिहा करने के लिए भारी भरकम रकम की मांग की है। मानव तस्करों के चंगुल में फंसकर सर्बिया के रास्ते मिस्र जा रहे नेपाल के झापा जिले के 45 वर्षीय अमाशु राजवंशी और 25 वर्षीय पशुपति राजवंशी ने अपने परिवार वालों को फोन कर जानकारी दी है कि हथियारधारी समूह ने उन दोनों सहित 11 नेपाली नागरिकों को बन्धक बना लिया है। सर्बिया में बन्धक बनाकर रखे गए नेपाली नागरिकों में से राजवंशीद्वय के अलावा कौन है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। राजवंशीद्वय के परिवार वालों ने बताया कि दो माह पहले 65 लाख खर्च कर वे सभी सर्बिया पहुंचे थे। पीड़ित के रिश्तेदार शर्मिला राजवंशी ने कहा कि जिन लोगों को बंधक बना लिया है उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इनके परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह एक विदेशी नंबर से कॉल आया और उन्होंने फोन पर अपने परिजनों को 3 लाख भेजने का आग्रह किया है। राजवंशी ने फोन पर कहा था कि इनको पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। राशि भेजने के लिए खाता नंबर भी भेजा गया है। राजवंशी ने कहा कि उन्होंने इस समस्या के बारे में स्थानीय पुलिस कार्यालय, बितामोड और जिला प्रशासन कार्यालय झापा को सूचित कर दिया है।

झापा बितामोड के डीएसपी प्रकाश चंद ने कहा कि नेपाली बंधकों की खबर परिवार के माध्यम से मिली है और बचाव के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है।

## नेपाल के पूर्व गृहमंत्री का बेटा गिरफ्तार, नकली भूटानी शरणार्थी मामले में हुई गिरफ्तारी

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व गृहमंत्री राम बहादुर थापा के बेटे प्रतीक थापा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिछले एक साल से फरार चल रहे थापा की गिरफ्तारी काठमांडू से की गई है। नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूर्व गृहमंत्री के बेटे की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। ब्यूरो के प्रमुख एआईजी श्यामलाल ज्ञवाली ने बताया कि प्रतीक थापा को काठमांडू के बौद्ध स्थित हयात होटल के सूइट से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल से नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजे जाने के मामले में उसकी गिरफ्तारी हुई है। फिलहाल प्रतीक को सीआईबी हेडक्वार्टर लाया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। ज्ञवाली ने कहा कि कल शनिवार होने के कारण कोर्ट बन्द रहेगा, इसलिए रविवार को काठमांडू जिला अदालत में उसे पेश किया जाएगा और रिमांड ली जाएगी। राम बहादुर थापा ओली सरकार में गृह मंत्री रह चुके हैं। वो माओवादी के संस्थापक नेताओं में से एक रह चुके हैं। पार्टी में कभी प्रचण्ड के विश्वासपात्र रहे थापा पार्टी विभाजन के बाद ओली के साथ चले गए थे। नकली भूटानी शरणार्थी मामले में सीआईबी ने पहले ही दो अन्य गृह मंत्री बालकृष्ण खांड और टोप बहादुर रायमांझी, तत्कालीन गृह सचिव टेकनारायण पाण्डे, राम बहादुर थापा के सलाहकार रहे इन्द्रजीत राई, टोपबहादुर के बेटे संदीप रायमांझी सहित दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में जांच के घेरे में पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा की पत्नी आरजू देउवा और पुर्व प्रधानमंत्री के पी ओली के निजी सचिव राजेश बज्राचार्य भी है।

## तुर्की पुलिस ने आईएस के 10 संदिग्धों को पकड़ा, जानें कब आतंकवादी संगठन घोषित हुआ

**इस्तांबुलः** तुर्की पुलिस ने गुरुवार को इस्तांबुल में एक अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के 10 संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में ले लिया.समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि इस्तांबुल पुलिस विभाग की आतंकवाद निरोधी इकाई ने सीरिया और उत्तरी इराक में आईएस के साथ हिंसात्मक गतिविधियों में शामिल संदिग्धों की पहचान के बाद अभियान शुरू किया. रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपी विदेशी नागरिक हैं. सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने बताया कि सात जिलों में 17 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की गई.

तुर्की सरकार ने 2013 में आईएस को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया था. इसे 2015 से देश में हुए कई घातक हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया था. इसमें जनवरी में इस्तांबुल में एक रोमन कैथोलिक चर्च पर हमला भी शामिल था. इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी.

रूस में हुआ था आतंकी हमला, शक की सुई इस्लामिक स्टेट की तरफ

बता दें कि, हाल के दिनों में आईएस समर्थित आतंकी नेटवर्क का हमला बढ़ गया है. बात रूस की करें तो, दागेस्तान की क्षेत्रीय राजधानी मखचकाला और निकटवर्ती डर्बेंट में रविवार को हुई हिंसा के के लिए इस्लामी चरमपंथियों को जिम्मेदार ठहराया है. बता दें कि, रूस के दागिस्तान में रविवार को हुए आतंकी हमलों में पादरी और पुलिसकर्मियों समेत कुल 20 लोगों की मौत हुई थी

रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी काकेशस के माखचकाला और डर्बेंट शहरों में हुए इन हमलों की किसी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है. हालांकि, शक की सुई इस्लामिक स्टेट की तरफ घूम रही है. वह इसलिए क्योंकि करीब 3 महीने पहले बंदूकधारियों ने मॉस्को के पास एक कॉन्सर्ट हॉल पर हमला किया था. उस हमले में 145 लोगों की मौत हो गई थी. अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट समूह के सहयोगी संगठन ने मार्च के हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## भारत और अमेरिका ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच लेबनान के लिए यात्रा एडवाइजरी जारी की

**नई दिल्लीः** लेबनान में बढ़ते तनाव और अस्थिर सुरक्षा परिदृश्य के बीच, भारत और अमेरिका ने सख्त यात्रा परामर्श जारी किए हैं. दोनों देशों ने अपने नागरिकों से सावधानी बरतने और मध्य पूर्वी राष्ट्र की यात्रा योजनाओं पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है.

बेरूत में रूस के दूतावास ने भी अपने नागरिकों से देश के दक्षिणी हिस्से में स्थिति सामान्य होने तक लेबनान की यात्रा करने से परहेज करने का आह्वान किया है. लेबनान में भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और निर्दिष्ट चैनलों के माध्यम से दूतावास के साथ संचार बनाए रखने की सलाह दी है.

एक बयान में, दूतावास ने जोर देकर कहा कि लेबनान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, लेबनान में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने और हमारे ईमेल पते या आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर +961-76860128 के माध्यम से बेरूत में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है.

इसी तरह, लेबनान में अमेरिकी दूतावास ने अप्रत्याशित सुरक्षा माहौल पर प्रकाश डाला, अमेरिकी नागरिकों को लेबनान की यात्रा करने की किसी भी योजना पर दृढ़ता से पुनर्विचार करने की चेतावनी दी. दूतावास ने कहा कि सुरक्षा माहौल जटिल बना हुआ है और तेजी से बदल सकता है।